दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी




व्यवहारिक धरातल पर ....

परिवार की अनमोल रत्न है ....

वर्ष : 11 | अंक : 275 | लखनऊ, 24 सितम्बर, बुधवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# योगी का संकल्प: भारतीय श्रम-प्रतिभा से बने हर उत्पाद को दें बढ़ावा, यह राष्ट्रीय गौरव है

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, स्वदेशी उत्पादों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नागरिकों से भारतीय प्रतिभाओं का समर्थन करने और स्वदेशी कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पाद खरीदने का आग्रह किया। 'आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प' पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री योगी ने उत्पादन में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय गौरव के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश है कि हमें भारतीय कारीगरों के श्रम और हमारे युवाओं की प्रतिभा से बनी हर चीज को बढ़ावा देना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी ने इस आह्वान को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से जोड़ते हुए कहा कि सदियों से विदेशी आक्रमणों के कारण भारत की जनसंख्या और कृषि को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत में हिंदू आबादी, जो उनके अनुमान के अनुसार वर्ष 1100 तक लगभग 60 करोड़ थी, 1947 में स्वतंत्रता के समय तक घटकर लगभग 30 करोड़ रह गई थी। उन्होंने पूछा, ₹वर्ष 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी। और जब 1947 में देश आजाद हुआ, तब हिंदुओं की आबादी सिर्फ.30 करोड़ थी। बताइए, इन 800-900 सालों में हमारी आबादी बढ़नी चाहिए थी या घटनी चाहिए थी?

योगी ने कहा इसका मतलब है कि न सिर्फ.आबादी घटी, बल्कि हमारा कृषि उत्पादन भी कम हुआ। यह घटती आबादी न सिर्फ.आक्रांताओं द्वारा मारी गई, बल्कि भूख, बीमारी और तमाम तरह की यातनाओं से भी मरी। विदेशी गुलामी ऐसे ही होती है। इस देश पर भी यही सब कुछ थोपा गया। इस देश पर अत्याचार और शोषण किया गया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सब कुछ होते हुए भी भारत को विदेशी शासकों द्वारा किए गए विभाजन का खामियाजा भुगतना पड़ा। इससे पहले सोमवार को, जब देश की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 लागू हुआ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नागरिकों को एक पत्र लिखा, जिसमें इस बात पर प्रकाश डाला गया कि 'जीएसटी बचत उत्सव' से बचत को बढ़ावा मिलेगा और समाज के हर वर्ग को सीधे लाभ होगा।

## लखनऊ में दिखेगा 'महाकुम्भ' सा नजारा, नेशनल जम्बूरी के लिए तैयारियां तेज

लखनऊ। लखनऊ का डिफेंस एक्सपो ग्राउंड नवंबर में एक भव्य अस्थायी नगर का रूप लेने जा रहा है। यहां बनने वाली टेंट सिटी भारत स्काउट गाइड्स की ओर से आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेजबानी में आयोजित हो रहे इस आयोजन में शामिल होने वाले 32 हजार प्रतिभागियों और 3 हजार अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन आगामी 29 सितंबर को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण करेंगे। वृंदावन योजना स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउंड का नजारा हाल ही में प्रयाग में संपन्न हुए 'महाकुम्भ' सरीखा ही नजर आएगा। यहां नेशनल जम्बूरी के आयोजन स्थल पर 3500 से अधिक टेंट लगाए जाएंगे। प्रत्येक प्रतिभागी दल के लिए अलग आवासीय व्यवस्था होगी। साफ-सफाई और खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए 64 रसोई घर बनाए जाएंगे जो एक साथ हजारों लोगों के लिए भोजन तैयार करेंगे।

# अमित शाह ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जोड़ा भावनात्मक संदेश, गांधीनगर में किया वृक्षारोपण

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) द्वारा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत आयोजित वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया और लोगों से पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। यह अभियान प्रतीकात्मक रूप से लोगों को अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इससे पहले, 19 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर, ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा उनके जन्मदिन पर विशेष उपहार के रूप में भेंट किया गया एक कदम्ब का पौधा लगाया। दोनों देशों के बीच मित्रता और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक यह पौधा, राजा चार्ल्स ने प्रधानमंत्री को बुधवार, 17 सितंबर को उनके 75वें जन्मदिन पर भेंट किया था। राजा चार्ल्स द्वारा भेंट किया गया कदम्ब का पेड़ 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल से प्रेरित था। बुधवार को, ब्रिटिश उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में इस उपहार के बारे में विवरण साझा करते हुए कहा, ₹महामहिम राजा ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर एक कदम्ब का पेड़ भेंट करके अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी की 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल से प्रेरित यह भाव पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस, 5 जून, 2024 को दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का पेड़ लगाकर की थी। यह पहल पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी को माताओं के प्रति सम्मान के साथ जोड़ती है। प्रधानमंत्री मोदी ने पर्यावरण सुधार के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया और पिछले एक दशक में वन क्षेत्र बढ़ाने में भारत की प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के सतत विकास के लक्ष्य के अनुरूप है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# युवा बेरोजगारी की वजह भाजपा की वोट चोरी है : राहुल गांधी

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि देश में युवाओं की बेरोजगारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा की गई वोट चोरी का सीधा परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने लोगों के हितों का ध्यान नहीं रखा है और संस्थानों पर कब्जा करके सत्ता में बनी हुई है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है - और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है। जब कोई भी सरकार लोगों का विश्वास जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य युवाओं को रोजगार और अवसर प्रदान करना होता है। लेकिन भाजपा ईमानदारी से चुनाव नहीं जीतती - वे वोट चुराकर और संस्थानों को बंदी बनाकर सत्ता में बनी रहती है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि संस्थानों पर भाजपा के कब्जे के कारण देश में नौकरियों में गिरावट, भर्ती प्रक्रियाएँ चरमरा रही हैं और युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि देश का युवा कड़ी मेहनत करता है, सपने देखता है और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करता है। लेकिन श्री मोदी केवल अपने प्रचार, मशहूर हस्तियों से अपनी प्रशंसा करवाने और अरबपतियों के मुनाफे में व्यस्त हैं।

# मराठवाड़ा में 50 साल की सबसे भारी बारिश, 8 लोगों की मौत

**159 गांव बाढ़ की चपेट में आए**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, मध्य महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई है और धाराशिव जिले के 159 गाँवों में बाढ़ आ गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस क्षेत्र में 50 वर्षों से भी अधिक समय से इतनी भारी बारिश नहीं हुई है। 750 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, 186 मवेशी मारे गए हैं, जबकि 33,000 हेक्टेयर से ज्यादा की फसलें नष्ट हो गई हैं। भारी बारिश के कारण जालना और बीड में तीन पुल, छत्रपति संभाजीनगर में दो स्कूल और मराठवाड़ा में पाँच छोटे बाँध भी ढह गए हैं। राज्य आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन ने आपदा की गंभीरता को देखते हुए कहा, ₹स्थिति बहुत गंभीर है। पिछले 50-70 सालों में इतनी बारिश कभी दर्ज नहीं की गई। गाँव पानी में डूब गए हैं। उपजाऊ मिट्टी बह गई है और किसानों की फसलें और मवेशी बर्बाद हो गए हैं।

कृषि मंत्री दत्तात्रेय भारणे ने बताया कि पूरे महाराष्ट्र में 63.51 लाख एकड़ कृषि भूमि नष्ट हो गई है, जिससे कृषि क्षेत्र में हुए नुकसान का स्तर स्पष्ट होता है। जयकवाड़ी और माजलगाँव बाँधों के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण अधिकारियों को पानी छोड़ना पड़ा, जिससे छत्रपति संभाजीनगर, जालना और बीड में नदियाँ और उफान पर आ गईं और बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने धाराशिव और बीड में चल रहे बचाव कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा, ₹राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने धाराशिव में 27 लोगों को बचाया है और 200 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया है।

1 जून से मराठवाड़ा में औसत से 28.5 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है, जिसमें धाराशिव में सामान्य से 148 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है। सरकार ने प्रभावित किसानों के लिए 2,215 करोड़ रुपये की घोषणा की है, जिनमें से 31.64 लाख किसानों को पहले ही सहायता मिल चुकी है। वहीं विपक्षी नेताओं ने प्रशासन की आलोचना की है और लंबे समय से फसल और मिट्टी के नुकसान का सामना कर रहे किसानों की मदद के लिए शीघ्र मुआवजे की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के सुलतानपुर में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन छत ढहने से 3 मजदूरों की जान गई

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, सरकार ने बिहार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। योजना की विधिवत शुरूआत 26 सितंबर (शुक्रवार) को होने जा रही है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुडेंगे। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसमें सूबे की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सीधे स्थानांतरण किए जाएंगे। इन महिलाओं के बीच साढ़े सात हजार करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उदेश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक शहरी और ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 11 लाख 66 हजार महिलाओं ने आवेदन किया है।

# आजम खान को जमानत: अखिलेश का तंज- उम्मीद है भाजपा अब और झूठे मुकदमे नहीं चलाएगी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान के सीतापुर जेल से रिहा होने के कुछ मिनट बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों को विश्वास है कि अदालत न्याय करेगी और पार्टी को उम्मीद है कि आने वाले समय में कोई भी झूठा मामला दर्ज नहीं किया जाएगा और भाजपा द्वारा कोई अन्याय नहीं किया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा नेता आजम खान जेल से रिहा हो गए हैं। मैं इसके लिए न्यायालय का आभार व्यक्त करता हूँ। हम समाजवादियों को विश्वास था कि न्यायालय न्याय करेगा।

सपा नेता ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में भाजपा द्वारा कोई भी झूठा मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा और कोई अन्याय नहीं होगा; एक अधिकारी को लगातार सेवा विस्तार दिया जा रहा था। यह समाजवादियों के लिए खुशी की बात है कि वह रिहा हो गए हैं। इस बीच, पार्टी विधायक शिवपाल सिंह यादव ने आरोप लगाया कि उनके सहयोगी और पूर्व लोकसभा सांसद आजम खान को झूठे मामलों में 'फँसाया' गया है। यादव ने कहा, ₹सरकार ने आजम खान को झूठे मामलों में फँसाया था। हालाँकि, अदालत ने उन्हें जमानत दे दी है और उन्हें मामलों में राहत प्रदान की है। मैं इस फैसले का स्वागत करता हूँ। मैं सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट का स्वागत करता हूँ। उनके खिलाफ कई झूठे मुकदमे दर्ज किए गए थे। समाजवादी पार्टी उनके साथ खड़ी है।

इससे पहले, लोकसभा सांसद आजम खान को उत्तर प्रदेश की सीतापुर जेल से रिहा कर दिया गया, जहाँ वे लगभग 23 महीने से बंद थे। उन्हें क्वालिटी बार भूमि अतिक्रमण मामले में जेल में रखा गया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या खान बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल होंगे,

# इंदौर में तीन मंजिला इमारत ढही, परिवार के 14 लोग दबे, 2 की मौत

**3 माह की बच्ची समेत 12 बचाए गए**

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

इंदौर, मध्य प्रदेश के इंदौर में तीन मंजिला इमारत ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। इंदौर के रानीपुरा इलाके में सोमवार रात बारिश के बाद एक इमारत ढह गई, जिसके मलबे में एक ही परिवार के 14 सदस्य दब गए। बचाव अभियान के बाद 12 लोगों को महाराजा यशवंतराव शासकीय अस्पताल (एमवायएच) में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। इस बीच, इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अलीफा और फहीम के रूप में हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंदौर के जिलाधिकारी शिवम वर्मा ने बताया, ह्यह्हमारा करीब पांच घंटे चला बचाव अभियान समाप्त हो चुका है। हादसे के बाद इमारत के मलबे में एक ही परिवार के 14 लोग दबे थे। इनमें से 12 लोगों को मलबे से बाहर निकालकर शासकीय महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि घनी आबादी वाले वाणिज्यिक इलाके में हुए हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की पहचान अलीफा (20) और फहीमुद्दीन अंसारी उर्फ फहीम (40) के रूप में हुई है।

# पंजाब में पराली जलाने के मामले बढ़कर 62 हुए, अमृतसर सबसे ऊपर

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, पंजाब में धान की कटाई का मौसम शुरू होते ही पराली जलाने की घटनाएँ एक बार फिर सामने आने लगी हैं। पंजाब सरकार द्वारा उपग्रह से की गई निगरानी के अनुसार, राज्य में पिछले कुछ दिनों में पराली जलाने की 62 घटनाएँ सामने आईं। दोषी किसानों के खिलाफ कुल 14 एफआईआर भी दर्ज की गईं। पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने को अक्टूबर और नवंबर के दौरान दिल्ली में वायु प्रदूषण के बिगड़ने का एक बड़ा कारण माना जाता है। धान की कटाई और रबी की फसल, खासकर गेहूँ की बुवाई के बीच कम समय होने के कारण, कई किसान अपने खेतों को साफ करने के लिए पराली जलाने का सहारा लेते हैं। अमृतसर ज़िले में पराली जलाने की तीन, कपूरथला में एक और तरनतारन में दो घटनाएँ दर्ज की गईं। 15 सितंबर से अब तक पंजाब में पराली जलाने की कुल 62 घटनाएँ सामने आ चुकी हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 38 घटनाएँ अमृतसर ज़िले में दर्ज की गईं। बरनाला में दो, बठिंडा, फिरोजपुर, होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला, संगरूर, एसएएस नगर और मलेरकोटला में एक-एक, पटियाला में सात और तरनतारन में सात घटनाएँ दर्ज की गईं। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत, जो किसी लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा से संबंधित है, अमृतसर में 13 सहित 14 एफआईआर दर्ज की गई हैं। 27 मामलों में 1.25 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है और इसमें से 50,000 रुपये वसूले जा चुके हैं। राज्य के अधिकारियों ने दोषी किसानों के भूमि अभिलेखों में 15 लाल प्रविष्टियाँ भी दर्ज की हैं, जो उन्हें अपनी जमीन पर ऋण लेने या उसे बेचने से रोकती हैं।

# क्षेत्र के जन-जन तक पहुंचाए जाएं जीएसटी बचत के लाभ: सिंधिया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**




नई दिल्ली। केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज मंगलवार को नई दिल्ली से गुना संसदीय क्षेत्र के अशोकनगर, शिवपुरी क्षेत्रों के विधायकों, जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ एक अहम वर्चुअल बैठक की। बैठक में 22 से 29 सितंबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा एवं जीएसटी बचत उत्सव के लाभ को क्षेत्र में जन-जन तक पहुंचाने की योजनाओं एवं क्रियान्वयन की नीतियों पर चर्चा हुई। सिंधिया ने नवरात्रि के पहले दिन देश को मिली जीएसटी दरों में सुधार की सौगात को गुना क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने के लिए योजनाओं पर गहन विमर्श किया। इन लाभों की जानकारी जनता तक पहुंचाने और स्वदेशी सामान खरीदने के लिए जागरुकता फैलाने के लिए अपील की।

केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा हर कार्यकर्ता के लिए सेवा, समाज कल्याण और जनजागरण का अवसर है। उन्होंने जिला अध्यक्षों और कार्यकताओं को निर्देश दिया कि प्रतिदिन के कार्यक्रम की विस्तृत योजना बनाई जाए, जिसमें कार्यकताओं की टोली बने और हर टोली का नेतृत्व एक वरिष्ठ कार्यकर्ता करे। ये टीमें विधानसभा, ब्लॉक, तहसील, पंचायत और गाँव-गाँव के हर वार्ड तक जाकर कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। मंत्री ने यह भी कहा कि हर टोली अपने कार्यों की रिपोर्ट और फोटो नियमित रूप से साझा करे, ताकि सेवा पखवाड़ा को संगठित व परिणामकारी बनाया जा सके।

### सेवा पखवाड़ा में आयोजित किए जाएं विशेष शिविर

बैठक में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, जनकल्याण योजनाओं का प्रचार-प्रसार, सामाजिक सेवा और जनजागरूकता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़े सेवा कार्यों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं, जिनमें ब्लड टेस्ट, बीपी, शुगर आदि टेस्ट किए जाएं। इसके साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन हो तथा हर शिविर में दिव्यांगजन को व्हीलचेयर और सहायक उपकरण मुहैया कराए जाएं। सिंधिया ने सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों की सफाई किए जाने तथा प्लास्टिक मुक्त अभियान को जन-जन तक पहुँचाने की योजना बनाई गई। इसी तरह, वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए जिले स्तर पर बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने की अपील की। बैठक में तय किया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जीवन और उपलब्धियों पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। इनमें चित्र प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, संगोष्ठी और एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर चर्चा शामिल होगी।

## पीएम मोदी सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी अग्रणी

### ऊर्जा मंत्री बोले– ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश को दिशा देगा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। छठवें अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि जुलाई में यूपी ने देश में सबसे अधिक रूफटाप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का कीर्तिमान बनाने के साथ ही अगस्त में भी 28,029 नए संयंत्र स्थापित करते हुए सभी राज्यों से आगे रहा।

यह सफलता उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय होने के साथ ही विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में मजबूत कदम है। आने वाले वर्षों में यूपी ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में देश को दिशा देने का कार्य करेगा। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा मंगलवार को आयोजित सम्मेलन से वर्चुअल जुड़ते हुए मंत्री ने कहा कि अब तक राज्य में 2,08,407 रूफटाप संयंत्र स्थापित हो चुके हैं। यह राज्य की हरित ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सतत निवेश को आकर्षित कराने के साथ ही प्रदेश को स्वच्छ, सस्ती तथा टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। आज देश के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की प्राप्ति में यूपी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने 13 फरवरी 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया था। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन में भी उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल है।

# जेल से छूटने के बाद भी कम नहीं होंगी आजम की मुश्किलें

### जौहर विवि में धांधली के मामले में आयकर विभाग की भी चल रही जांच

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां भले ही जमानत पर जेल से बाहर आ गए हैं पर कानूनी तौर पर उनकी मुश्किलें अभी कम होती नजर नहीं आ रही हैं। आजम के ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर विश्वविद्यालय में सरकारी धन के दुरुपयोग व धांधली के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व आयकर विभाग की जांचें भी चल रही हैं। ईडी ने मामले में अब तक संपत्ति जब्त किए जाने की कार्रवाई शुरू नहीं की है।

ईडी ने आजम खां के विरुद्ध जौहर विश्वविद्यालय समेत कुल तीन मामलों की जांच शुरू की थी। इनमें जल निगम भर्ती घोटाला व किसानों की जमीनों की खरीद-फरोख्त के मामले भी शामिल थे। जौहर विश्वविद्यालय परिसर में 418.37 करोड़ रुपये से 58 निर्माण कार्य हुए थे। इस मामले में आजम के करीबी रहे कई विभागों के तत्कालीन अधिकारियों व कर्मियों की भूमिका भी जांच के दायरे में रही है। दोनों एजेंसियां आजम, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा व बेटे अब्दुल्ला आजम के विरुद्ध आय से अधिक संपत्तियों की भी जांच कर रही हैं।

आयकर विभाग ने सितंबर 2023 में आजम खां के आवास समेत उनके करीबियों के रामपुर, सीतापुर, लखनऊ, मेरठ, सहारनपुर व गाजियाबाद के अलावा मध्य प्रदेश स्थित 30 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़े कई लोगों के ठिकानों को भी खंगाला गया और कई दस्तावेज कब्जे में लिए गए थे। आयकर विभाग ने आजम खां व उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की ओर से विधानसभा चुनाव में दिए गए हलफनामों की जांच में गड़बड़ी पाई थी। जांच में संपत्ति से जुड़ी जानकारियां छिपाए जाने व कई संपत्तियां का मूल्य कम दर्शाए जाने के तथ्य सामने आने के बाद जांच शुरू की गई थी। दूसरी ओर आजम के विरुद्ध कुल 111 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें 106 मुकदमे रामपुर में तथा पांच मुकदमे अन्य जिलों में हैं। कोर्ट ने आजम को छह मामलों में सजा सुनाई है। आजम के विरुद्ध दर्ज 81 मुकदमों में अभी कोर्ट में ट्रायल शुरू नहीं हुआ है। एक मुकदमे में आजम की नामजदगी गलत पाई गई थी। सात मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट लग चुकी हैं।

## रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल, पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। गांव के ही दूसरे पक्ष ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा मामले की जांच में जुटी।



अस्पताल में घायल अवस्था में मजदूर

मलिहाबाद क्षेत्र के बलदेव खेड़ा निवासी जैबून पुत्री अब्दल ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके पिता जब खेत से लौट रहे थे, तभी गांव के ही यासीन, सानू, अरबी, इमरान और रिजवान ने उन्हें रोककर गाली-गलौज की और लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर सुनकर उनकी माता मौके पर पहुंचीं तो विपक्षियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस बीच भाई अफदल को भी दबंगों ने नहीं बख्शा और बुरी तरह पीटा। पीड़िता का कहना है कि चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह घायलों की जान बचाई। इसके बाद सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। पीड़िता का आरोप है कि विपक्षी लगातार उनके परिवार को धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने मांग की है कि घायलों की मेडिकल जांच कर विपक्षियों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में मलिहाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा बनीं एक दिन की एसडीएम

### फुटबॉल खिलाड़ी छात्रा ने संभाली कुर्सी, प्रशासनिक कार्यों की बारीकियां सीखीं

अमन लेखनी समाचार




एक दिवसीय एसडीएम बनी छात्रा

लखनऊ। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत मलिहाबाद के सैफलपुर ढ़ेढ़मऊ स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा अंशिका गौतम को सोमवार को एक दिन का एसडीएम बनने का अवसर मिला। मलिहाबाद के रानीखेड़ा गांव की रहने वाली अंशिका ने मलिहाबाद के एसडीएम अंकित कुमार की कुर्सी पर बैठकर प्रशासनिक कार्यों का अनुभव लिया।

एसडीएम की मौजूदगी में अंशिका ने न्यायालय की कार्यवाही देखी, फाइलों की प्रक्रिया समझी और अधिवक्ताओं से मुकदमों के संबंध में बातचीत भी की। इस मौके पर विद्यालय की संरक्षक नीलम सिंह ने बताया कि अंशिका फुटबॉल की स्टेट लेवल खिलाड़ी हैं और हाल ही में बीते 17 सितंबर को गाजीपुर में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटी हैं। इसके साथ ही वह सातवीं कक्षा की टॉपर भी रह चुकी हैं।

अंशिका ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय टीम में खेलने का उनका सपना है। साथ ही भविष्य में मेहनत कर वास्तविक रूप से एसडीएम बनने की उनकी चाहत है। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली अंशिका के पिता मजदूरी करते हैं, मां गृहणी हैं और उनका एक भाई भी है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पदम्शेखर मौर्या सहित विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## यूपी में 55 हजार से अधिक बालिकाएं बनीं एक दिन की अफसर



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मिशन शक्ति के तहत प्रदेश में 55 हजार से अधिक बालिकाएं अलग-अलग जिम्मेदारियों पर एक दिन के लिए अधिकारी बनीं। किसी ने पंचायत सचिव की भूमिका निभाई तो किसी ने पुलिस, डाक्टर, इंजीनियर, मुख्य विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, उप जिलाधिकारी और यहां तक कि जिलाधिकारी का भी पद संभाला। इन बालिकाओं ने आत्मविश्वास और गंभीरता के साथ दायित्व निभाकर यह साबित किया कि वे किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी संभाल सकती हैं। राजधानी लखनऊ खास नजारा रहा। जब बेसिक शिक्षा विभाग में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलाम हुसैन पुरवा जोन-2 नगर की कक्षा आठ की छात्रा नैना ने बेसिक शिक्षा निदेशक का दायित्व निभाते हुए विभागीय कामकाज को गति दी। कक्षा सातवीं की नैंसी वरिष्ठ विशेषज्ञ गुणवत्ता शिक्षा बनीं। कक्षा आठवीं की अनुष्का निदेशक एससीईआरटी बनीं, कक्षा आठ की इकरा शरीफ उप शिक्षा निदेशक (प्राइमरी) बनीं, जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालय खड़गपुर की कक्षा सात की छात्रा रोशनी ने उप शिक्षा निदेशक/वरिष्ठ विशेषज्ञ (बालिका शिक्षा यूनिट) का दायित्व निभाया। कक्षा आठ की नंदिनी और कंपोजिट विद्यालय मटियारी की कक्षा सात की दिव्यांग छात्रा फातिमा बानो ने अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा का दायित्व संभाला।

## पार्षद राम नरेश रावत ने मछ्ठ पूजा पक्का घाट के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के पार्षद राम नरेश रावत एडवोकेट ने मंगलवार को वार्ड के तपोवन नगर कॉलोनी स्थित बंधुवा तालाब पर नए छठ पूजा पक्का घाट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में पार्षद ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़वाकर व फावड़ा चलवाकर कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान पार्षद ने बताया कि बंधुवा तालाब पर पहला पक्का घाट वर्ष 2015 में पूर्व महापौर एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा बनवाया गया था। लेकिन हर वर्ष यहां छठ पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से घाट अपर्याप्त साबित हो रहा था। इसी को देखते हुए अपनी पार्षद निधि से दस लाख रुपये की धनराशि जारी कर उत्तर व दक्षिण दिशा में नया घाट बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया यह घाट 35 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा होगा और इसका कार्य दीपावली से पहले पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक इस तालाब पर सात हजार श्रद्धालु छठ पूजा करते थे, लेकिन इस बार नए घाट के निर्माण से करीब दस हजार भक्त एक साथ पूजा-अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि घाट निर्माण से तालाब का सौंदर्यीकरण भी होगा और श्रद्धालुओं को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में ललिता गिरी, रामेश्वर त्यागी, सूर्य प्रकाश मिश्रा, जय राम यादव, संतोष त्रिपाठी, अशोक ओझा सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। पार्षद ने मिठाई बांटकर और वरिष्ठ जनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पार्षद ने कहा कि केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, पूर्व मंत्री कौशल किशोर और पार्टी पदाधिकारियों के सहयोग से वार्ड में लगातार विकास कार्य जारी हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नए घाट के निर्माण से श्रद्धालुओं की वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान हो जाएगा।

## वृंदावन सेक्टर 8 में सुबह सैर पर निकली महिला के साथ लूट, इलाके में दहशत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राजधानी में महिलाओं को निशाना बनाने वाले बदमाश एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। रविवार सुबह टहलने निकली महिला से बाइक सवार लुटेरों ने कान की सोने की बाली लूट ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वृंदावन योजना सेक्टर 8 निवासी अंजनी कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी निधि गौतम रोजाना की तरह 21 सितंबर को भी टहलने गई थीं। सुबह करीब 7 बजे वह एमिटी स्कूल के पास रेलवे लाइन किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान उतरेठिया की ओर से आए दो युवक बाइक पर पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके कान से बाली छीन ले गए। घटना के बाद पीड़िता ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पीजीआई कोतवाली में तहरीर दी गई। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# टूथपेस्ट से लेकर शैंपू तक हो गया सस्ता, जीएसटी की दर कम होने का दिखा असर

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। गोखले मार्ग के एक जनरल स्टोर पर अपना 300 ग्राम का टूथपेस्ट लेने पहुंचे राहुल शर्मा ने जब उसकी अधिकतम खुदरा मूल्य 225 रुपये दिए तो दुकानदार ने उनको 25 रुपये वापस कर दिए। यह बचत उनको जीएसटी की दर कम होने के कारण हुई।

वहीं, नरही की दुकान से रीना गुप्ता ने 340 मिली. वाला 560 रुपये वाला एंट्री डैंड्रफ शैंपू खरीदा। दुकानदार ने जीएसटी कम करके उनसे 500 रुपये लिया। ऐसे में उनको घटी जीएसटी से सीधा 60 रुपये का लाभ पहुंचा।

जीएसटी की दर कम होने का असर लोगों की रोजमर्रा की वस्तुओं से लेकर वाहनों और इलेक्ट्रानिक उत्पादों तक पड़ा। लोगों ने नवरात्रि के चलते जहां दिनचर्या के लिए उपयोग होने वाली वस्तुएं खरीदीं, वहीं दोपहिया और चार पहिया वाहनों के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक सामान बेचने वाली दुकानों पर भी दिन भर भीड़ देखने को मिली। जनरल स्टोर चलाने वाले विपिन अग्रवाल कहते हैं कि घटी हुई जीएसटी से घर के मासिक बजट में लगभग 500 से लेकर 750 रुपये तक की बचत होगी। सदर बाजार के सुमित अग्रवाल अपने पुराने घर की मरम्मत करवा रहे हैं। सदर बाजार स्थित भवन निर्माण सामग्री की दुकान से उन्होंने सीमेंट खरीदा। हर सीमेंट की बोरी पर उनको 20 रुपये की बचत हुई। सुमित अग्रवाल ने 50 बोरियों का आर्डर दे दिया। इससे उनकी लागत एक हजार रुपये कम हो गई। सरिता शर्मा ने आलमबाग के स्टोर से 160 रुपये एमआरसी वाला बिस्कुट खरीदा को उनको आठ रुपये का लाभ हुआ। आशीष शर्मा ने 32 इंच का एक स्मार्ट टीवी खरीदा। इस ब्रांडेट स्मार्ट टीवी की खरीद पर उनको बिलिंग कराते हुए 1250 रुपये सीधे कम हो गए। सआदतगंज के मो. रईस ने 1.10 लाख रुपये की कीमत वाली एक दो पहिया वाहन खरीदा। उनको 6600 रुपये की जीएसटी कम होने से सीधे बचत हुई। चार पहिया वाहनों पर भी माडल और कीमत के अनुसार 59 हजार से लेकर 1.10 लाख रुपये तक की जीएसटी कम हो गई।

### जतायी जीएसटी की उपलब्धि

राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा हलवासिया मार्केट पहुंचे और जीएसटी सुधारों को लेकर संवाद किया। कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत का नारा है। भारत की आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को कुछ नकारात्मक शक्तियां चुनौती दे रही है। डा. शर्मा ने व्यापारियों से अनुरोध किया कि जीएसटी की छूट का लाभ आम जनता तक अवश्य पहुचाएं। उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी के सरलीकरण के लाभ भी बताए।

## लखनऊ में सर्किल रेट बढ़ने के बाद भी धड़ल्ले से खरीदी जा रही जमीन, टूट गया रिकॉर्ड

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। एक अगस्त से लखनऊ में डीएम सर्किल रेट कई इलाकों में दो से तीन गुणा बढ़ गया है लेकिन जमीन की खरीद फरोख्त में इसका असर नहीं दिख रहा है। दरों की परवाह किए बिना नवरात्रि पर मकान और दुकान का सपना पूरा करने वाले दूसरे दिन भी रजिस्ट्री कार्यालयों में डटे रहे।

मंगलवार को लखनऊ के सभी सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में कुल 940 रजिस्ट्रियां रिकार्ड की गईं। पहले दिन की अपेक्षा यह आंकड़ा और ज्यादा है। इतनी बड़ी संख्या में रजिस्ट्री होने से सरकार के खजाने में करीब 14 करोड़ का स्टांप शुल्क आया। राजधानी में वैसे तो आम दिनों में औसतन तीन सौ से चार सौ रजिस्ट्रियां होती हैं लेकिन नवरात्रि के मौके पर लोग सबसे अधिक संपत्ति खरीदना चाहते हैं। सोमवार को लखनऊ में 640 रजिस्ट्रियां की गई थी।

एआइजी रमेश कुमार ने बताया कि वैसे तो सभी सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में भीड़ रही लेकिन मोहनलालगंज में सबसे अधिक 181 लोगों ने रजिस्ट्रियां कराईं। इन बैनामों से करीब एक करोड़ 80 लाख का स्टांप शुल्क और करीब 33 लाख फीस के तौर पर जमा हुए। इस तरह केवल मोहनलालगंज में ही दो करोड़ से अधिक का शुल्क जमा हुआ। गौरतलब है एक अगस्त से जिला प्रशासन ने कृषि, आवासीय और व्यवसायिक जमीनों की सर्किल रेट की दरों में औसतन 25 प्रतिशत से लेकर पचास प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर दी है। सरोजनीनगर और मोहनलालगंज तहसीलों के अलावा प्रमुख कालोनियों अंसल, एमआर जैसी आवासीय कालोनियां जहां व्यावसायिक गतिविधियां भी बराबर चल रही हैं वहां कुछ जगहों पर दरें दो से तीन गुना तक बढ़ी हैं। लखनऊ के चारों तरफ विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और भविष्य में विकास की संभावनाओं को देखते हुए आउटर रिंग रोड, किसान पथ, एक्सप्रेस वे और अन्य राजमार्गों के किनारे बीस से तीस प्रतिशत तक दरें बढ़ाई गई हैं। मल्टीस्टोरी में भी चालीस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है।

## विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर में पिकअप लोडर टकराया, चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार को विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर में पिकअप लोडर जा भिड़ा। हादसे में पिकअप वाहन चालक की केबिन में फंस कर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक हरदोई के बिलग्राम स्थित सदरपुर निवासी पिकअप लोडर वाहन चालक रमेश चंद्र राठौर (57) मंगलवार दोपहर कुर्सी रोड से अपने पिकअप लोडर वाहन में पानी भरी बोतलें लाद कर किसान पथ से होते हुए बंथरा के गुलाब खेड़ा जा रहा था। तभी बिजनौर थाना क्षेत्र में अलीनगर खुर्द के पास उल्टी दिशा से आ रहे एक कंटेनर से उसकी गाड़ी की भिड़न्त हो गई। आमने-सामने हुई भिड़त में पिकअप लोडर वाहन चालक रमेश चंद अपने वाहन की केबिन में बुरी तरह फंसकर दब गया। सूचना पर पहुंची बिजनौर पुलिस ने क्रेन और जेसीबी की मदद से उसे केबिन से बाहर निकाला और पीजीआई स्थित ट्रामा - टू पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे में पिकअप वाहन के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये। वहीं घटना के बाद कंटेनर चालक अपना वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## उत्तर प्रदेश में छह साल बाद भी नियमित नहीं हुए 16 हजार सीएचओ

### अब हो रही आंदोलन की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश के 16 हजार सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) को नियुक्ति के बाद से नियमित होने का इंतजार है। वर्ष 2019 में इन सीएचओ की तैनाती ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर) पर की गई थी। सरकार की कोशिश की थी कि इनके माध्यम से डाक्टरों की कमी को पूरा किया जा सके। इसीलिए सीएचओ के चयन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) ने लिखित परीक्षा ली, इसके बाद छह माह का प्रशिक्षण भी दिया गया। छह साल की नौकरी के बाद सीएचओ के नियमितीकरण करने के लिए भारत सरकार से एक पत्र भी एनएचएम कार्यालय को भेजा गया था लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने में सीएचओ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन का कार्य भी इन्हीं के जिम्मे हैं। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम में यू-विन पोर्टल पर सभी आंकड़े अपडेट करने का कार्य सीएचओ कर रहे हैं।

सीएचओ का कहना है कि लगातार जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूरस्थ इलाकों में होने के कारण आरोग्य मंदिर पहुंचने के लिए पगडंडी पर चलकर जाना पड़ता है। बारिश के दिनों में ड्यूटी पर पहुंचना चुनौती बन जाता है लेकिन एनएचएम के अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## दो अक्टूबर से पहले गड्ढा मुक्त हो जाएंगी दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की सड़कें

### पीडब्ल्यूडी ने जारी किए 400 करोड़

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भले ही त्योहारों से पहले सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं लेकिन संबंधित अधिकारियों का कहना है कि 15 नवंबर से पहले सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त नहीं किया जा सकता। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन वाले मार्गों के गड्ढे जरूर दो अक्टूबर से पहले भर दिए जाएंगे। प्रदेश में 4,35,772.49 किलोमीटर सड़कें हैं। इनमें से 53,521.79 किमी वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की 17 सिंतबर को समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने त्योहारों (दुगार्पूजा, दशहरा और दीपावली) से पहले उन्हें गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए थे। गौर करने की बात यह है कि अब तक 11,908.72 किमी सड़कें ही गड्ढा मुक्त हो सकी हैं। शेष 41,613.07 किमी सड़कों को अभी गड्ढा मुक्त किया जाना है। अकेले लोक निर्माण विभाग को ही 47,967.58 किमी सड़कें गड्ढा मुक्त करनी है लेकिन 9,283.50 किमी सड़कें ही गड्ढा मुक्त हुई हैं।

मंडी परिषद की 63.53 प्रतिशत, पंचायती राज की 11.08 प्रतिशत, सिंचाई विभाग की 5.52 प्रतिशत, ग्राम्य विकास (यूपीआरआरडीए) की 62.57 प्रतिशत, नगर विकास विभाग की 48.10 प्रतिशत, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की 74.64 प्रतिशत तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की गड्ढे वाली 51.10 प्रतिशत सड़कों की ही अभी मरम्मत हो सकी है।

### गड्ढा मुक्ति के लिए पीडब्ल्यूडी ने जारी किए 400 करोड़

पीडब्ल्यूडी के विभागाध्यक्ष एके द्विवेदी का कहना है कि विभागीय सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए 400 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। गड्ढा मुक्ति का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। दुर्गा प्रतिमा पंडालों के साथ ही प्रतिमा विसर्जन के मार्गों को दो अक्टूबर से पहले गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा।

## संक्षेप

### किसी नुकीली वस्तु से हमला कर किशोरी को उतारा गया था मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के सरोसी गांव में एक किशोरी की नुकीली वस्तु से हमला कर हत्या कर दी गई। रविवार को घर के पीछे बने कमरे में किशोरी का रक्तरंजित शव मिला। खेत से लौटे पिता ने शव देखकर ग्रामीणों को सूचित किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि किशोरी की मौत अत्यधिक रक्तस्राव से हुई। सोमवार को दो डॉक्टरों - डॉ. अरविंद कुमार और डॉ. आशुतोष ने वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया। रिपोर्ट में किशोरी के सिर और चेहरे पर 8 चोट के निशान पाए गए। जांच के लिए स्लाइड भी तैयार की गई है।पिता ने गांव के दो युवकों पर संदेह जताया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर चचेरे भाई संजय और शिवम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। हालांकि, जांच में उनकी संलिप्तता नहीं पाई गई।एसपी जयप्रकाश सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासे के निर्देश दिए हैं। आजाद समाज पार्टी और बीएसपी के नेताओं ने पीड़ित परिवार के लिए सुरक्षा और केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की है। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया और एसडीएम क्षितिज द्विवेदी ने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। पुलिस के अनुसार वे घटना के खुलासे के करीब हैं।

### आवारा साड के हमले से घायल किसान की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव तीन दिन पूर्व खेत जा रहे किसान पर आवारा साड ने हमला बोल दिया था जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गए था जिसे परिजनो ने एक निजी अस्पताल में उसका उपचार कराकर उसको घर ले गए आज सुबह मंगलवार को उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के संभा बाग निवासी राकेश 43 वर्ष पुत्र श्रीपाल बीती 20 तारीख को अपने खेत पर गया था तभी वहां आया आवारा साड उसके खेत में खड़े करेला की फसल को वो खाने लगा राकेश उसे भागने लगा तो साड़ ने उसपर हमला बोल कर उसे घायल कर दिया सूचना पर पहुंचे परिजनो ने एक स्थानीय डॉक्टर से उसका इलाज कराया और उसे घर लेकर चले गए आज उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया मृतक की पत्नी सुनैना ने बताया कि दो पुत्री गुड्डी दीपिका के अलावा दो पुत्र विकास व कुलदीप है युवक की मौत से परिजनो का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सड़क हादसे में तीन की मौत, टायर बदलते समय हादसा, खड़े ट्रक में टेलर ने मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब 5:30 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे किलो मीटर संख्या 233 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ जिसमें तेज रफ्तार टेलर की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक का टायर बदलते समय हुआ जिसमे ट्रक चालक परिचालक और ट्रेलर चालक की मौत हो गई. पुलिस ने तीनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 5:00 बजे मछलियों से भरा ट्रक गुजरात से आसाम की तरफ जा रहा था. इसी दौरान आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुजरते समय अचानक उसका टायर फट गया. टायर फटने पर ट्रक के चालक देव आनंद 40 वर्ष ने ट्रक को किनारे लगाया और अपने परिचालक अजय के साथ टायर बदलने के लिए नीचे उतर गए. इसके बाद अन्य वाहनों से बचाव के लिए सही टायर को रख टॉर्च की मदद से टायर बदलने लगे। इसी दौरान पत्थर के पाउडर से भरा टेलर जो की मोरबी से सीतापुर की तरफ जा रहा था. तेज रफ्तार टेलर ने सड़क किनारे ट्रक का टायर बदल रहे देवानंद और अजय को टक्कर मारी और अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गया। इस टक्कर में मौके पर ही ट्रक चालक और परिचालक की मौत हो गई. वही ट्रेलर चालक जख्मी हालत में टेलर में फंसकर रह गया और काफी देर तड़पने के बाद उसकी भी मौत हो गई. ट्रक पर तैनात मृतक चालक देवानंद पुत्र द्वारिका उम्र 50 वर्ष निवासी गुजरात के मीठापुर व खलासी अजय भी उसी गांव का निवासी बताया जा रहा है।वही ट्रेलर चालक की अभी पहचान नहीं हुई है।

गस्त के दौरान डायल 112 पुलिस और अपराध इंस्पेक्टर रामनारायण यादव की नजर इस दुर्घटना पर पड़ी. इसके बाद उन्होंने तत्काल यूपीडा में इसकी सूचना दी.

सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे शव को निकाला पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचंद सिंह ने बताया कि हादसे के कारण की जांच की जा रही है साथ ही ट्रक मालिकों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा इस भीषण हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा।

## पुलिस टीम ने महिलाओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर, बढ़ा आत्मविश्वास

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज 5.0 और शक्ति दीदी अभियान के तहत बिहार थाना पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत सराय मनिहार में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया। अभियान के तहत महिलाओं की समस्याओं के सम्बन्ध में उनसे जानकारी की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत दर्ज नहीं करायी गई। बतातें चलें कि विकास खण्ड सुमेरपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा सरॉय मनिहार स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रशिक्षण शिविर में थाना बिहार में तैनात उप निरीक्षक रेखा दुबे ने प्रतिभागियों को विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा हेतु व्यावहारिक टिप्स और तकनीकें सिखाईं। साथ ही महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों को लेकर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे नारी सुरक्षा व नारी सम्मान, कन्या सुमंगला, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर हेल्पलाइन 1930, एंबुलेंस सेवा 108, आपातकालीन नंबर 112 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की विस्तृत जानकारी दी गई। बालिकाओं ने उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम उनके आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। उप निरीक्षक रेखा दुबे ने आश्वस्त किया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार जारी रहेंगे ताकि महिलाएँ निडर होकर समाज में आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ऊर्फ प्रिंसू सिंह, कांस्टेबल शैलेश कुमार व पूनम राजपूत, देश दीपक पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह, एएनएम ज्योति, सीमा सिंह, विजया सिंह, आगनवाड़ी कार्यकत्री सरिता सिंह, आशा सिंह, आशा बहू माया देवी समेत भारी संख्या में ग्रामसभा की महिलाएं और स्कूल की छात्राएँ मौजूद रहीं।

## मौसम परिवर्तन से जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव।जिला अस्पताल में मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई। सुबह 8 बजे से ही अस्पताल में मरीजों का तांता लग गया। दिनभर में 900 से अधिक मरीजों ने पंजीकरण कराया। पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीजों की लंबी कतारें देखी गईं। भीड़ के कारण कई बार पर्चा काउंटर पर नोकझोंक की स्थिति बनी। कर्मचारियों ने स्थिति को संभाला। ओपीडी में प्रत्येक डॉक्टर के पास दर्जनों मरीजों की कतारें लगीं। मरीजों को अपनी बारी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। एक्स-रे, पैथोलॉजी और अन्य जांच केंद्रों पर भी लंबी कतारें देखी गईं। कई बुजुर्ग और महिलाएं थककर बाहर बैठ गईं।मरीजों के अनुसार, बदलते मौसम में बुखार, खांसी-जुकाम और वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को इससे अधिक परेशानी हो रही है। जांच और दवा के लिए मरीजों को बार-बार लाइन में लगना पड़ रहा है। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है। इसके लिए अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती की जा रही है। चिकित्सकों ने लोगों को खानपान और दिनचर्या का ध्यान रखने तथा भीड़-भाड़ से बचने की सलाह दी है।

## विवाद के बाद प्रशासन अलर्ट डीएम व एसपी ने संवेदनशील क्षेत्र का किया दौरा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज में रविवार को हुए विवाद के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है। सोमवार देर रात जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने संवेदनशील क्षेत्र का दौरा किया। अधिकारियों ने सबसे पहले घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद रामलीला मैदान और प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। दोनों स्थान आगामी पर्वों को देखते हुए संवेदनशील माने जाते हैं। जिलाधिकारी ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के निर्देश दिए। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी के आदेश दिए।एसपी ने पुलिस बल को अलर्ट रहने और छोटे विवादों पर तुरंत कार्रवाई का निर्देश दिया। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों की सक्रियता से स्थानीय लोगों में यह संदेश गया कि प्रशासन स्थिति पर पूरी नजर रख रहा है। शांति और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## एसडीएम ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। मंगलवार को जनता दर्शन में एसडीएम ने सभी फरियादियों को गम्भीरता से सुना और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मातहतों को कड़े निर्देश दिए स्थानीय तहसील सभागार में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने जनता दर्शन में शिकायतकताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और उनके निराकरण हेतु अपने मातहतों को निर्देशित किया। आज कुल 19 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 15 राजस्व व 4 प्रकरण पुलिस से संबधित थे। मौके पर 6 प्रकरणों का निराकरण भी एसडीएम ने कराया। शेष मामलों के निपटारे के लिए मातहतों को निर्देश दिए। आपको बता दें कि प्रत्येक समाधान दिवस में राजस्व के मामलों की बढ़ती समस्याओं के मद्देनजर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने प्रत्येक मंगलवार को जनता दर्शन चलाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करा रहे हैं। आज उन्होंने सभी लेखपालों को एक पत्र जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक लेखपाल अपनी राजस्व संबंधी रिपोर्ट लगाने के बाद मोहर का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि अधिकांश लेखपाल सिर्फ हस्ताक्षर करते हैं बल्कि मोहर नहीं लगाते हैं। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि उक्त अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## जोन स्तरीय बालिका अंडर 17 ट्रायलः- बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों का टोटा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर उन्नाव कोई कितने भी दावे कर ले परंतु अभी भी बालिकाएं खेल के मामले में पुरुषों से पीछे नजर आ रही हैं. हम बात कर रहे हैं जोन स्तरीय बालिका अंडर क्रिकेट 17 ट्रायल की जहां सफीपुर के महात्मा गांधी इंटर कॉलेज ग्राउंड पर प्रस्तावित जोन स्तरीय क्रिकेट ट्रायल में जोन के सफीपुर एवं बांगरमऊ तहसील के अंतर्गत आने वाले राजकीय बालिका विद्यालय एडेड बालिका विद्यालय तथा बालिका इंटर कॉलेज की कोई भी बालिका क्रिकेट खिलाड़ी ट्रायल देने नहीं पहुंची. जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति विभाग एवं सरकार की दावे सिर्फ फेल नजर आए. बताते चले कि दो दिन बाद ही जिला स्तर पर जिला बालिका क्रिकेट ट्रायल अंडर 17 संपन्न होना है जिसके लिए जोन स्तरीय टीमें प्रतिभा करेंगी जिसमें सफीपुर जोन के मुख्य चयनकर्ता खेल शिक्षक कुलदीप कुमार, अपनी टीम जय सिंह तथा सुरेंद्र पाल के साथ सुभाष इंटर कॉलेज बांगरमऊ के खेल शिक्षक गौरव कुमार के साथ बालिका टीम के ट्रायल के लिए आज स्थानिक ग्राउंड पर बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों का इंतजार करते रहे परंतु कोई भी खिलाड़ी ट्रायल देने के लिए उपस्थित नहीं हुआ. विश्व के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट में इस तरह खिलाड़ियों का नव उपस्थित होना बहुत कुछ दश आ गया जिससे क्षेत्र में बालिका क्रिकेट खिलाड़ियों का टूटा नजर आया. इस संदर्भ में खेल शिक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि उन्होंने सभी कॉलेज सभी बालिका कॉलेजों, कस्तूरबा के विद्यालय राजकीय विद्यालय सहित समस्त विद्यालयों को अवगत करा दिया था परंतु अंडर 17 ट्रायल देने के लिए कोई भी बालिका क्रिकेट खिलाड़ी उपलब्ध नहीं हुए. इसी विषय पर राजकीय बालिका विद्यालय सफीपुर की प्रधानाचार्य रचना निगम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने सभी कॉलेज में अध्यनरत सभी बालिकाओं को क्रिकेट ट्रायल में उपलब्ध होने की जानकारी दी थी परंतु शायद कोई भी बालिका क्रिकेट में दिलचस्पी नहीं रखती इसलिए उपलब्ध नहीं हुई.

## हल्की बारिश में नालिया चोक नगर पंचायत में साफ सफाई की खुली पोल

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। नगर पंचायत की नाली/नाला सफाई की एक बार फिर से पोल खुल गई जब सोमवार की सायं हल्की ही बरसात में नालियां चोक हो गई और घरों में पानी घुसने का खतरा मंडराने लगा। नगरवासियों की शिकायत पर एसडीएम ने ईओ को पत्र लिखकर नाली सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। सोमवार की सायं हल्की बरसात के बाद मौरावां मार्ग पर कस्बा के मोहल्ला मिर्री चौराहा से मझिगवां तिराहा की ओर बनी नाली चोक होने से पानी ऊपर तक भर गया और लोगों के घरों में घुसने की नौबत आ गई। एक सप्ताह पहले भी इसी नाली के चोक होने से मोहल्लावासियों के घरों में पानी घुस गया था। बरसाती पानी उफनाने के कारण खतरनाक व जहरीले कीड़े के घरों में घुसने की शंका बलवती हो गई। इससे नगरवासियों में रोष देखा गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि अधिकांश घरों में छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनकी सुरक्षा का खतरा मंडराने लगा है। नगर प्रशासन उदासीनता की पराकाष्ठा पार कर चुका है। इस बार बरसात से पहले नालियों/नाले को तलहटी तक साफ नहीं कराया गया है। इसलिए पहली बार ऐसी समस्या मोहल्ले में हुई है। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने ईओ नगर पंचायत पुरवा को पत्र जारी कर निर्देश देते हुए कहा कि मौके का मुवायना कर शीघ्र नाला सफाई कराकर अवगत कराएं।

## नवरात्रि के दूसरे दिन भक्तों ने मां ब्रह्मचारिणी की पूजा अर्चना

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नवरात्र के दूसरे दिन राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भोर से ही भक्त मां ब्रह्मचारिणी के दर्शन के लिए कतार में लगे। मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। श्रद्धालु फूल और मिठाई की डलियां लेकर मां को भोग लगा रहे हैं। मां दुर्गा की महाआरती में सैकड़ों भक्तों ने हिस्सा लिया। कंचननगर स्थित कंचना माई, पोनी रोड स्थित मां झंडेश्वरी देवी, महेश मार्ग स्थित मां सिद्धिदात्री और गांधीनगर स्थित काली मंदिर समेत अन्य दुर्गा मंदिरों में भी पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा की और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया।नवरात्रि को देखते हुए सभी मंदिरों में रंगरोगन कर आकर्षक सजावट की गई है। मंदिरों के मुख्य द्वार पर रंगबिरंगी झालरें लगाई गई हैं। लाउडस्पीकर से बज रहे भक्ति गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। गंगा घाट पुलिस ने भक्तों से अपने सामान की सुरक्षा का ध्यान रखने की अपील की है। पुलिस समय-समय पर संदिग्धों की तलाशी भी ले रही है।

## सीएचसी में भर्ती प्रसूताओं को नहीं मिलता पौष्टिक आहार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में जननी सुरक्षा योजना के तहत अस्पताल में भर्ती महिलाओं को प्रशव के बाद भोजन देने के निर्देश हैं। लेकिन यहां प्रसूताओं को भोजन तो दूर नास्ता तक मुवशिर नही हो रहा है। महिलाएं अपने लिए खाना व नास्ता तक अपने घर से मंगवाने पर मजबूर हैं। जिससे उनके लिए परेशानी बढ़ गयी है। जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिला को नाश्ता, दूध और भोजन देने का प्रावधान हैं। नार्मल डिलीवरी में प्रसूता को कम से कम 48 घण्टे तथा ऑपरेशन कि स्थित में सात दिन तक रुकने के निर्देश हैं। बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार व मंगलवार इन दो दिनों में तीन महिलाओं के प्रसव हुए हैं। महिलाओं की सेहत के मद्देनजर खान पान की व्यवस्था के लिए अस्पताल की ओर से संबंधित समिति ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है। इनके माध्यम से भोजन वितरण किया जाता है लेकिन यहां यह व्यवस्था कर्मचारियों की मनमानी का शिकार हो गयी है। अस्पताल में प्रसूता महिलाओं के मुताबिक जिस दिन से वह भर्ती हुई हैं व डिलीवरी बाद भी 24 घण्टे से अधिक बीत गया है है लेकिन अभी तक नास्ता व भोजन तो दूर फल तक नही नसीब हुए है। किसी प्रकार की कोई व्यवस्था इंतजाम नही है। अस्पताल में रसोइया का 6 महीने से खाना बनाने का पेमेंट न मिलने से 1 अगस्त से खाना बनना बन्द है। लगभग 1 महीन 23 दिन से प्रसूताओं का खाना बन्द है।

रसोइयां मुन्नी ने कहा कि मेरा 6 महीने से 45 हजार खाना बनाने का पेमेंट नही मिला है मैंने भी इसलिए 1 अगस्त से खाना बनाना बन्द कर दिया है, जिम्मेदार लोगों से इस विषय पर बात करते है तो अनसुनी कर पल्ला झाड़ लेते हैं।प्रसूताओं ने सुनाया व्यवस्था का हाल मुर्तजानगर की रहने वाली प्रसूता आरती ने बताया कि मंगलवार को 8.30 बजे सुबह डिलीवरी हुई है न तो नास्ता मिला है और न ही खाना मिला। बाहर से चाय मंगाई है घर से खाना आया है। रूपऊ की लता ने बताया कि सोमवार दोपहर 2 बजे डिलीवरी हुई थी, खाना तो बहुत बड़ी बात है नास्ता, चाय, फल तक नसीब नही है, दो दिन से लगातार बाहर से खाना मंगाकर पेट भर रहे है। जाफर खेड़ा की लक्ष्मी ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह 5 बजे डिलीवरी हुई है तब से न तो चाय नास्ता मिला है न ही खाना। परिवार वाले घर से खाना लेकर आए है तब खाया है।

गर्मी में बुराहाल होता है मरीजों का, हाथ पंखे के सहारे काटते है समय

मरीजों का कहना है कि बिजली जाने के बाद यहां पर पंखे बन्द हो जाते है जब तक लाइट नही आती है तब तक हांथ पंखे के सहारे ही समय गुजारना पड़ता है व पंखे की ओर निहारना पड़ता है। छोटे बच्चे को गर्मी में ज्यादा समस्या होने लगती है।

सीएचसी अधीक्षक डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि मामला सीएमओ के संज्ञान में है उनके द्वारा ठेकेदार को चेतावनी दी जा चुकी है कि खाना सुचारू रूप से शुरू कराए।

## मार्ग दुर्घटना में घायल प्रधान पति की इलाज के दौरान हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल प्रधानपति का इलाज दौरान मौत हो जाने गाँव का माहौल गमगीन हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गाँव हिस्यामपुर निवासी राजेश पुत्र स्व०रामस्वरूप उम्र 48 वर्ष शुक्रवार देर शाम बाइक से धानीखेड़ा बाजार गए थे। बाजार से वापस आते समय धानीखेड़ा चौराहा के पास उनकी बाइक आवारा मवेशी से टकरा गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों को सूचना मिलने पर उन्हें कांशीराम ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहा डॉक्टरों ने हैलेट रिफर कर दिया। हैलेट में सुधार न होते देख परिजन किसी निजी हॉस्पिटल ले गए जहा मंगलवार को इलाज दौरान मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।मौत की खबर पाते ही पूरा गांव शोक की लहर में डूब गया। विगत हो दिवंगत रोजगार सेवक होने के साथ उसकी पत्नी आशा देवी वर्तमान गाँव की प्रधान है। दिवंगत की दो पुत्रियां श्रेया 14 वर्ष और श्रद्धा 8 वर्ष है।माता-पिता की मौत पहले ही हो चुकी है। खबर पाते ही क्षेत्रीय लोगो मे राम लखन सिंह, राम जी यादव, दीपू सिंह, शिव वीर सिंह, सुरेश रावत आदि उनके घर सांत्वना देने पहुँचे।



## चेहरे भाइयों के बीच हुई मारपीट में महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। चचेरे भाइयो के बीच मार्ग पर मिट्टी डाल गड्ढे भरने पर हुए विवाद में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे परिजन सीएचसी लाए जहा से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया. पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार महिलाओ सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाच शुरू की. कोतवाली क्षेत्र के अहमदाबाद माथर गांव के मजरा गदनाखेड़ा निवासी कुशमा पत्नी मदन चन्द ने तहरीर देकर बताया कि दोनों परिवारों के घर के बीच सड़क है

जिसमे गड्ढे होने की वजह से वह मंगलवार सुबह 6 बजे गड्डो में मिट्टी डालकर पाट रही थी कि तभी पड़ोसी कुवर चन्द्र पुत्र यदुनाथ उनकी पत्नी मालती पुत्री संगीता, रानी व शिवानी उसे गन्दी गन्दी गालियां दे रही थी तब वह बचने के लिए घर में घुस रही थी तभी कुवर चन्द ने उसके सिर पर कुल्हाडी मार कर घायल कर दिया तब परिजन लेकर सीएचसी ले गयर जहाँ से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया.इस संबंध में एसओ सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार महिलाओ सहित पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाच की जा रही है.

## ऐतिहासिक राम लीला मंचन का किया गया शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नगर पंचायत मौरावां में शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ऐतिहासिक रामलीला का मंचन शुरू हो गया। रात 9:30 बजे से शुरू हुई रामलीला में कई प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। पहले दिन के मंचन में तीन प्रमुख दृश्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश पूजन से हुई। कुँवर विवेक सेठ ने भगवान राम की पूजा-अर्चना की और आरती उतारी। इसके बाद नारद मुनि का माया में फंसने का प्रसंग दिखाया गया। कथानक में भगवान विष्णु और नारद जी जंगल में थे। विष्णु को प्यास लगी और उन्होंने नारद से पानी मांगा। एक गांव में पानी लेने गए नारद एक सुंदर स्त्री पर मोहित हो गए। वहीं शादी कर घर बसा लिया। बाद में बारिश में पत्नी और बच्चों के बह जाने पर उन्हें विष्णु की याद आई। भागकर विष्णु के पास पहुंचे और क्षमा मांगी। नारद को समझ आया कि यह उनका अभिमान तोड़ने की विष्णु की लीला थी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में रावण की दिग्विजय यात्रा का मंचन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुँवर विवेक सेठ, मेला कमेटी के सदस्य जमुना प्रसाद, अवधेश, गौरीशंकर, रानू, धर्मेंद्र यादव सहितअन्य सदस्य मौजूद रहे।

**पाकिस्तान और सऊदी अरब में सुरक्षा समझौते में कहा गया कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर कोई हमला होता है तो इसे दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम आक्रमण समझा जाएगा। तत्कालीन नजरिए से देखें तो ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा है कि पाक-सऊदी डिफेंस एग्रीमेंट भारत के लिए बहुत बड़ा सैन्य और कूटनीतिक झटका है। हां, ये जरूरी है कि इस समझौते से पाकिस्तान को सऊदी से वित्तीय और तेल सहायता मिल सकती है, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान की शक्ति बढ़ाएगी। ऐसे में भारत को इसे गंभीरता से लेना होगा और बदलती भू-सामरिक स्थिति को साधने के लिए अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी। अगर दीर्घकालीन दृष्टि से देखा, समझा और परखा जाए तो पाक-सऊदी सुरक्षा करार निश्चित तौर पर भारत के लिए खतरनाक संकेत भी है। हालांकि, सऊदी अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत के साथ उनके रिश्ते मज़बूत बने रहेंगे और वे क्षेत्रीय शांति के लिए योगदान देते रहेंगे। फिर भी यदि यह समझौता क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देता है तो यह सभी के लिए लाभदायक होगा, लेकिन यदि यह टकराव को बढ़ावा देता है तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। पाक-सऊदी सुरक्षा समझौते का विश्लेषण करता *आजकल* का खास अंक...**

# पाक-सऊदी सुरक्षा करार के मायने



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और पाकिस्तान के प्राइम मिनिस्टर द्वारा 17 सितंबर को एक स्ट्रैटेजिक म्युचुअल डिफेंस एग्रीमेंट पर दस्तखत कर दिए गए हैं। डिफेंस एग्रीमेंट के तहत पाकिस्तान और सऊदी अरब में करार अंजाम दिया गया है कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर अंजाम दिए गए सैन्य आक्रमण को दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम दिया गया आक्रमण समझा जाएगा। तत्कालीन नजरिए से दृष्टिपात करें तो ऐसा नहीं प्रतीत हो रहा है कि पाक-सऊदी डिफेंस एग्रीमेंट भारत के लिए बहुत बड़ा सैन्य और कूटनीतिक झटका है। अगर दीर्घकालीन दृष्टि से देखा, समझा और परखा जाए तो पाक-सऊदी सुरक्षा करार निश्चित तौर पर भारत के लिए खतरनाक संकेत प्रस्तुत कर रहा है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत विरोधी आचरण अख्तियार करने के तत्पश्चात और ट्रंप द्वारा भारत के मुकाबले में पाकिस्तान को कहीं अधिक महत्व प्रदान करने के कारणवश, पाकिस्तान वस्तुतः अचानक पश्चिम एशिया में अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मुल्क बन गया है। खाड़ी मुल्क अपनी सुरक्षा की खातिर अब पाकिस्तान, तुर्कीए और चीन की तरफ झुकते हुए प्रतीत हो रहे हैं। अभी तक अमेरिका की सुरक्षा पनाह में कायम बने रहे खाड़ी मुल्कों के लिए ये तीनों ही देश अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी चीन और तुर्कीए तो पूरी तरह पाकिस्तानी पक्ष के साथ सन्नद खड़े रहे थे। अब लगता है कि पाकिस्तान के कट्टर समर्थकों की कतार में अमेरिका का अंध अनुसरण करते हुए सऊदी अरब भी बाकायदा शामिल हो गया है।

> **डिफेंस एग्रीमेंट के तहत पाकिस्तान और सऊदी अरब में करार अंजाम दिया गया है कि दोनों में से किसी भी एक मुल्क पर अंजाम दिए गए सैन्य आक्रमण को दोनों मुल्कों के खिलाफ अंजाम दिया गया आक्रमण समझा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब विगत अनेक वर्षों से भारत का शीर्ष आर्थिक और रणनीतिक साझीदार है। यक्ष प्रश्न है कि यदि दशकों पुरानी अपनी नृशंस जेहादी फितरत के वशीभूत होकर पाकिस्तान भारत के विरुद्ध आतंकवाद जारी रखेगा तो सऊदी अरब क्या पाकिस्तान के साथ भारत के विरुद्ध मैदान-ए-जंग में उतर**

## रणनीतिक साझीदार मुल्क

भारत के लिए चिंताजनक बात यह है कि पाकिस्तान ने सऊदी अरब के साथ डिफेंस एग्रीमेंट किया है। उल्लेखनीय है कि सऊदी अरब विगत अनेक वर्षों से भारत का शीर्ष आर्थिक और रणनीतिक साझीदार मुल्क रहा है। यक्ष प्रश्न है कि यदि मुस्तकबिल में दशकों पुरानी अपनी नृशंस जेहादी फितरत के वशीभूत होकर पाकिस्तान यकीनन भारत के विरुद्ध अपनी आतंकवादी कार्रवाइयां जारी रखेगा और जेहादी आतंकवाद का प्रतिकार और प्रतिशोध लेने के लिए पाकिस्तान पर भारत पुनः सुरक्षात्मक आक्रमण भी अंजाम देगा, तो सऊदी अरब क्या पाकिस्तान के साथ भारत के विरुद्ध मैदान-ए-जंग में उतर जाएगा? यह मुमकिन है कि सऊदी अरब अपने फौजी दस्तों को भारत के विरुद्ध आक्रमणकारी युद्ध में पाकिस्तान के पक्ष में कदापि नहीं भेजें, किंतु सऊदी अरब का पेट्रो डॉलर का अकूत खजाना पाकिस्तानी फौज को शक्तिशाली बनाने के लिए बहुत विशाल आर्थिक इमदाद तो कर ही सकता है।

## अमेरिकी सैन्य टेक्नोलॉजी

सऊदी अरब के पास अमेरिकी टेक्नोलॉजी विद्यमान रही है। डिफेंस एग्रीमेंट के पश्चात सऊदी अरब आधुनिकतम सैन्य टेक्नोलॉजी को पाकिस्तान को उपलब्ध करा सकता है। पाकिस्तान की फौज के लिए अमेरिकी सैन्य टेक्नोलॉजी की उपलब्धता बड़ी सौगात सिद्ध होगी और यह सैन्य स्थिति भारत के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है। खाड़ी मुल्कों में सबसे अहम मुल्क सऊदी अरब है और इसने पाकिस्तान के साथ डिफेंस एग्रीमेंट क्यों अंजाम दिया है, जटिल प्रश्न है इसका समुचित उत्तर है कि अमेरिका पर अब खाड़ी मुल्कों को अधिक यकीन कायम नहीं रह गया है। इस्लामी दुनिया की नजरों में डोनाल्ड ट्रंप की कयादत में अमेरिका वस्तुतः इजरायल का अंध समर्थक देश बनकर उभरा है। दो दिनों में गाजा युद्ध को खत्म करने का दावा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अभी तक इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को गाजा में युद्ध विराम के लिए राजी नहीं कर सके हैं। सऊदी अरब इस्लामी मुल्कों का सर्वोच्च लीडर देश बन जाने की बड़ी ख्वाहिश पाले रखता है और इस मामले में उसका मुकाबला सदैव तुर्कीए के साथ रहा है।

## अमेरिका दुश्मन करार

हाल ही में हमास सरगनाओं को कत्ल करने की खातिर कतर पर अंजाम दिए गए इजरायली आक्रमण ने पश्चिमी एशिया स्थिति को बहुत बिगाड़ कर रख दिया है। कतर में अमेरिका का अल उदेद नामक एयरबेस विद्यमान है। इसके बावजूद 9 सितंबर को कतर पर अंजाम दिए गए इजरायली आक्रमण पर अमेरिका की प्रतिक्रिया बेहद निराशाजनक रही। द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात 1945 से ही खाड़ी के देशों में अमेरिका का किरदार एक सैन्य सुरक्षा प्रदान करने वाले मुल्क का बना रहा है, किंतु इजरायल बनाम गाजा की जंग में अमेरिका की भूमिका पर पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में हलचल मची हुई है। अमेरिका को इस्लामी मुल्कों का दुश्मन करार दिया जाने लगा है। पश्चिम एशिया के मुल्कों का जनमत अमेरिका के विरुद्ध खड़ा हो गया है। विगत कुछ वर्षों के दौरान भारत द्वारा सऊदी अरब और अन्य खाड़ी मुल्कों से अपने कूटनीतिक ताल्लुकातों को शक्तिशाली बनाने के लिए गहन और गंभीर प्रयास किए गए। भारत द्वारा सऊदी अरब के साथ कूटनीतिक संबंध को रणनीतिक संबंध के उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी वर्ष माह अप्रैल में सऊदी अरब के दौरे पर गए थे। आखिरकार क्या परिणाम निकला परस्पर संबंधों को ताकतवर बनाने का, जबकि सऊदी अरब ने पाकिस्तान का दामन थाम लिया? क्या अब वो भविष्य में पाकिस्तान के साथ मिलकर भारत के विरुद्ध खड़ा हो जाएगा? इस्लामी मुल्क भविष्य में अपनी हिफाजत के लिए पश्चिमी मुल्कों के नॉटो सैन्य संगठन की तर्ज ओ तरीके पर एक अपना इस्लामी सैन्य संगठन तशकील करने के विषय में संजीदगी से विचार विमर्श करने में जुटे हुए हैं। इस्लामी मुल्कों में पाकिस्तान ही एक अकेला ऐसा मुल्क है, जिसके पास परमाणु अस्त्रों की ताकत है।

## परमाणु अस्त्रों की क्षमता

अपनी परमाणु अस्त्रों की क्षमता के कारण पाकिस्तान अब अमेरिका से हताश निराश हुए खाड़ी मुल्कों का दुलारा और प्यारा मुल्क बन गया है। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को सेंट्रल ट्रीटी सैन्य संगठन का सदस्य देश बनाया गया, जिसे बगदाद पैक्ट भी कहा गया। जेहादी सरगना ओमामा बिन लादेन को वर्षों तक पाक फौज की निगरानी पनाह देने वाले पाक हुक्मरानों को अब फिर से डोनाल्ड ट्रंप अपने गले से लगाने लगे हैं। भारत ने उन विकट हालात का वीरता और बलिदान देकर कामयाबी से मुकाबला कर लिया और जेहादियों को परास्त किया जबकि अमेरिका, पाकिस्तान और पेट्रो डॉलर उसके बड़े शत्रु बने हुए थे। अब तो भारत बहुत ताकतवर है और ग्लोब्ल साऊथ के देश भारत के साथ खड़े हुए हैं। ब्रिक्स की शक्ति भारत के साथ सन्नहित है। हर हाल में भारत फतेहयाब होकर रहेगा।

# पाकिस्तान-सऊदी अरब रक्षा समझौते से भारत रहे सतर्क



**रणनीति**

विवेक शुक्ला

वरिष्ठ स्तंभकार

लुटियंस दिल्ली के दिल में भारत के विदेश मंत्रालय के मुख्यालय साउथ ब्लॉक में इन दिनों पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए रक्षा समझौते का भारत पर किस तरह का असर होगा, इस विषय पर विभिन्न कोणों से अध्ययन हो रहा होगा। इस समझौते को 'स्ट्रेटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट' नाम दिया गया है, जिसमें एक प्रमुख धारा यह है कि किसी एक देश पर हमला दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। यह समझौता नाटो-शैली का है, जहां हमले की स्थिति में दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस समझौते की पृष्ठभूमि में हाल की क्षेत्रीय घटनाएं, जैसे इजरायल का कतर पर हमला और अमेरिका की सुरक्षा गारंटी में आई कमजोरी, प्रमुख भूमिका निभाती हैं। भारत के लिए यह समझौता एक दोधारी तलवार है। एक ओर, भारत और सऊदी अरब के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं। भारत सऊदी से 100 अरब डॉलर से अधिक का व्यापार करता है।

भारत मुख्य रूप से तेल आयात करता है सऊदी अरब से। सऊदी अरब ने स्पष्ट किया है कि भारत के साथ उसके संबंध मजबूत रहेंगे और यह समझौता भारत के खिलाफ नहीं है। अप्रैल 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी यात्रा के बाद दोनों देशों ने रक्षा सहयोग बढ़ाने की योजना बनाई थी। खाड़ी देशों में 90 लाख से अधिक भारतीय काम करते हैं, जो रेमिटेंस का बड़ा स्रोत हैं। बेशक, यह समझौता भारत की मध्य पूर्व नीति को चुनौती देता है। पाकिस्तान अब मुस्लिम दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया संयमित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने कहा कि भारत इस विकास का अध्ययन करेगा और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। भारत के लिए अवसर भी हैं। यह समझौता भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का अवसर देता है। क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) जैसे गठबंधनों को मजबूत करना, अंडमान-निकोबार द्वीपों पर रक्षा बुनियादी ढांचा विकसित करना और नौसेना गश्त बढ़ाना आवश्यक है। भारत ओमान, यूएई और बहरीन जैसे मध्यमार्गी खाड़ी देशों से संबंध मजबूत कर सकता है। ऊर्जा विविधीकरण के लिए नवीकरणीय स्रोतों पर जोर देना चाहिए। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रक्षा सहयोग दशकों पुराना है। 1960 के दशक से ही पाकिस्तान सऊदी अरब को सैन्य प्रशिक्षण, सैनिकों की तैनाती और रक्षा सहायता प्रदान करता आया है। हालांकि, यह नया समझौता पहले के अनौपचारिक संबंधों को औपचारिक रूप देता है, जो क्षेत्रीय तनावों के कारण आवश्यक हो गया था। हाल ही में इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा पर हमला किया, जो सऊदी अरब की सीमा से सटा हुआ है। इस हमले में अमेरिका की चुप्पी ने खाड़ी देशों में अमेरिकी सुरक्षा गारंटी पर संदेह पैदा कर दिया। अमेरिका के पास मध्य पूर्व में करीब 40,000-50,000 सैनिक तैनात हैं, लेकिन इजरायल के हमलों पर वाशिंगटन की निष्क्रियता ने सऊदी अरब को वैकल्पिक सुरक्षा भागीदारों की तलाश करने पर मजबूर किया। इसी संदर्भ में पाकिस्तान, जो मुस्लिम दुनिया का एकमात्र परमाणु हथियार संपन्न देश है, सऊदी अरब के लिए एक आकर्षक सहयोगी बन गया। समझौते में रक्षा उद्योग सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सैन्य सह-उत्पादन शामिल हैं, जो दोनों देशों की सैन्य क्षमताओं को मजबूत करेंगे। विदेश मामलों के जानकार मानते हैं कि यह समझौता क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बदलने वाला है। मध्य पूर्व में इजरायल की आक्रामकता और ईरान के साथ तनाव के बीच सऊदी अरब को एक मजबूत सहयोगी की जरूरत थी। पाकिस्तान के लिए यह आर्थिक और रणनीतिक लाभ का स्रोत है, क्योंकि सऊदी अरब से तेल आपूर्ति और वित्तीय सहायता मिल सकती है। अब जान लेते हैं कि यह समझौता दोनों देशों के लिए क्यों अहम है? सबसे पहले, सऊदी अरब के लिए यह अमेरिकी निर्भरता से मुक्ति का कदम है। पाकिस्तान की परमाणु क्षमता इस समझौते को और मजबूत बनाती है। पाकिस्तान के लिए यह समझौता आर्थिक संकट से उबरने का अवसर है। पाकिस्तान को सऊदी से तेल आपूर्ति, निवेश और सैन्य सहायता मिल सकती है, जो भारत के लिए चिंता का विषय है। मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान संबंध तनावपूर्ण हैं। इस समझौते से पाकिस्तान को सऊदी की वित्तीय और तेल सहायता मिल सकती है, जो युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान की शक्ति बढ़ाएगी। यदि यह समझौता क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा देता है, तो यह सभी के लिए लाभदायक होगा, लेकिन यदि यह टकराव को बढ़ावा देता है, तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।

> **पाकिस्तान अब मुस्लिम दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत कर सकता है, जो कश्मीर मुद्दे पर भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। हालांकि, भारत की प्रतिक्रिया संयमित रही है।**

# रक्षा सहयोग के साथ ही एक रणनीतिक संदेश



**कूटनीति**

महेंद्र तिवारी

स्वतंत्र पत्रकार

पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हाल ही में हुआ सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता दक्षिण एशियाई राजनीति और भारत–सऊदी रिश्तों के लिहाज से एक महत्त्वपूर्ण घटनाक्रम है। इस समझौते को पश्चिम एशिया और एशियाई राजनीति के कई जानकार केवल रक्षा सहयोग नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश मानते हैं।

अमेरिकी विशेषज्ञ माइकल कुलेगमेन ने कहा कि यह केवल सैन्य सहयोग का मामला नहीं बल्कि पाकिस्तान का यह दिखाना है कि वह चीन, तुर्की और अब सऊदी जैसे बड़े सहयोगियों के साथ खड़ा है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि इसे भारत को पाकिस्तान पर हमला करने से रोकने वाली दीवार मानना जल्दबाजी होगी। पश्चिम एशियाई मामलों के जानकार जहाकतनवीर ने भी याद दिलाया कि सऊदी–पाक रक्षा समझौता कोई नई बात नहीं है। अतीत में ऐसे कई समझौते हुए हैं जो ज्यादातर सऊदी की सुरक्षा तक सीमित रहे, पाकिस्तान के लिए नहीं। पाकिस्तान की सेना को कई बार सऊदी हितों के लिए किराए की सेना कहा गया है। सीधे भारत के खिलाफ सैन्य सहयोग की संभावना फिलहाल बेहद कम है। पाकिस्तान और सऊदी अरब का संबंध ऐतिहासिक रूप से गहरा रहा है।

ईरान–इराक युद्ध के दौरान (1980–88) पाक ने सऊदी को सुरक्षा का भरोसा दिया था। 1965, 1971 और कारगिल 1999 के भारत–पाक युद्धों में सऊदी अरब ने पाकिस्तान को वित्तीय और राजनयिक मदद दी, पर उसने कभी भारतीय मोर्चे पर अपनी सेना नहीं भेजी। 2014–15 में सऊदी ने इस्लामी सैन्य गठबंधन बनाया था, जिसका नेतृत्व पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख राहील शरीफ को सौंपा गया था। इन घटनाओं से यह साफ है कि सऊदी और पाकिस्तान का रिश्ता परस्पर जरूरतों और रणनीतिक लाभ पर आधारित रहा है। इस नए डिफेंसएग्रीमेंट ने इस रिश्ते को एक नया आयाम दिया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सऊदी अरब भारत के खिलाफ सीधी सैन्य कार्रवाई करेगा। भारत और सऊदी अरब के बीच के रिश्तों की बात करें तो सऊदी ने कभी भी भारत विरोधी आतंकवाद को समर्थन नहीं दिया।

इसके उलट, दोनों देशों के बीच ऊर्जा व्यापार, निवेश और प्रवासी भारतीयों के माध्यम से मजबूत आर्थिक और सामाजिक संबंध हैं। सऊदी अधिकारी पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत के साथ उनके रिश्ते मजबूत बने रहेंगे और वे क्षेत्रीय शांति के लिए योगदान देते रहेंगे। कुल मिलाकर, यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए आर्थिक और कूटनीतिक राहत, सऊदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गारंटी, और भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।

> **यह रक्षा समझौता पाकिस्तान के लिए आर्थिक और कूटनीतिक राहत, सऊदी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा गारंटी, और भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी के रूप में देखा जा सकता है।**

# सार्वभौम उदारता त्यागकर अब कठोरता दिखाए भारत



**विमर्श**

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

अंतराष्ट्रीय कूटनीतियां आधुनिक युग में संतुलन की स्थिति में हैं ही नहीं। विदेश स्तर की कूटनीतियों का यह असंतुलन भारत के लिए प्रतिदिन समस्या खड़ी कर रहा है। नवीन समस्या पाकिस्तान तथा सऊदी अरब के मध्य गत 17 सितंबर को हस्ताक्षरित हुए एक रणनीतिक रक्षा अनुबंध के परिप्रेक्ष्य में उभर रही है। दोनों देशों ने हस्ताक्षरित अनुबंध प्रारूपों का आदान-प्रदान करने की समयावधि में एक संयुक्त वक्तव्य दिया है कि उनमें से किसी भी देश पर किसी भी प्रकार के आक्रमण को दोनों ही देशों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।

विचारणीय 'रणनीतिक पारस्परिक रक्षा अनुबंध' पर सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान अब्दुल अजीज अल सऊद और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हस्ताक्षर किए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। दो मुस्लिम देशों के बीच हुआ यह अनुबंध भारत के लिए कई संदर्भों में चिंतनीय है। अभी तक इस अनुबंध पर भारत की ओर से भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का ही वक्तव्य आया है। उनके अनुसार, भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी कार्य करेगा तथा सभी क्षेत्रों में व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। अमेरिका की पहल पर भारत विरोधी दो मुस्लिम देशों की इस नई गुटसापेक्षता द्वारा भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। हालांकि सऊदी से भारत के द्विपक्षीय संबंध कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण स्थिति में हैं। चाहे द्विपक्षीय स्थिर संबंध हों, ऊर्जा सुरक्षा हो, निवेश का बड़ा प्रवाह हो अथवा वहां रह रहे भारतीयों द्वारा उस देश के चहुंदिश विकास में उच्च स्तर की पदाधिकारिक महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाए जाने का सत्य हो, किंतु अब परिस्थिति भिन्न हो चुकी हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में ही दोनों देशों का परस्पर व्यापार 42.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का हुआ था, जिसमें से हमने वहां से 31.42 बिलियन डॉलर मूल्य का आयात किया तो यहां से वहां 11.56 बिलियन यूएसडी मूल्य का निर्यात संपन्न हुआ। भारत कच्चे तेल तथा पेट्रो उत्पादों की बड़ी मात्रा के लिए अरब देश पर निर्भर है। विगत में दोनों देशों के विशिष्ट संबंधों का परिलक्षण तब दिखा था जब 2016 में



> **भारत उन देशों के प्रति सार्वभौम उदारता प्रदर्शित करना बंद करे, जो द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकाल तक संभाले रखने की तुलना में स्वार्थ व एकाधिकार की नीतियों के कारण उन्हें तोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं**

सलमान बिन ने नरेंद्र मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुल अजीज सैश' प्रदान किया था। भारतीय नेतृत्व के प्रति इस सीमा तक सम्मान प्रदर्शित करने के बाद भी आज अकस्मात अमेरिकी दबाव में सऊदी की वैश्विक दक्षिण में भारत के प्रति एक विरोधी छवि उभर कर सामने आई है। हालांकि अभी पाकिस्तान और सऊदी के बीच हुए रक्षा अनुबंध की विस्तृत रूपरेखा सामने नहीं आई है, किंतु इतना तो निश्चित है कि यदि पाकिस्तान के साथ रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौते के बाद संयुक्त वक्तव्य में दोनों देशों की ओर से किसी शत्रु देश का संकेत उभरता है, तो पाकिस्तान के संदर्भ में तो वह भारत ही हुआ, और सऊदी के पाकिस्तान के साथ होने के संकेतन का अर्थ भी यही है कि वह भी अप्रत्यक्ष रूप में भारत का शत्रु ही हुआ। इस परिप्रेक्ष्य में भारत के सामने अमेरिका से लेकर सऊदी अरब तक अपनी कूटनीतिक गतिविधियों को नवाकार देने की चुनौती उभर आयी है।

गत आठ-नौ माह में भारत के संबंध अमेरिका के साथ जिस ढंग से असंतुलित हुए हैं, उस कारण भारत के प्रति सऊदी की द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति में भी परिवर्तन आ चुका है। सामरिक सुरक्षा हेतु अमेरिकी कृपा पाने के लिए सऊदी ने भारत के प्रति अपनी कूटनीतिक स्थितियां उसी प्रकार ढाल ली हैं, जैसे अमेरिका ने उससे अपेक्षा की है, और निश्चित रूप में अमेरिकी शासन मध्य एशिया में खाड़ी के अग्रणी देशों में से एक सऊदी को भारत के अनुकूल बनाये नहीं रखना चाहता। चूंकि ऑपरेशन सिंदूर की समयावधि में पाकिस्तान के बहाने भारत व अमेरिका के संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हुआ था, इसीलिए अमेरिका उसी के माध्यम से सऊदी को भारत के प्रतिरोध में खड़ा करने का प्रयास कर रहा है।

अरब देश भारत विरोधी पाकिस्तान वाले गुट में सम्मिलित होने की अमेरिकी मंशा का विरोध नहीं कर सकता है और तब तक तो कदापि नहीं कर सकता है, जब तक वह अपनी सामरिक आवश्यकताओं के लिए अधि सीमा तक अमेरिका पर ही निर्भर है। भारत के प्रति अमेरिका, चीन, सऊदी अरब तथा अन्य देशों का जो कूटनीतिक भेदभाव परिलक्षित हो रहा है, उससे हमें यही शिक्षा ग्रहण करनी होगी कि अब भविष्य में भारत कम से कम उन देशों के प्रति सार्वभौम उदारता प्रदर्शित करना बंद करे, जो पारस्परिक द्विपक्षीय संबंधों को दीर्घकाल तक संभाले रखने की तुलना में स्वार्थ व एकाधिकार की नीतियों के कारण उन्हें तोड़ने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

# समझौते से बढ़ सकती हैं भारत की सैन्य मुश्किलें



**सैन्य चुनौती**

डॉ. एन. के. सोमानी

वरिष्ठ पत्रकार

ऑपरेशन सिंदूर में भारत के हाथों बुरी तरह से पिट चुका पाकिस्तान अब अपनी रक्षा और सुरक्षा के लिए सैन्य समझौतों की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है। सऊदी अरब के साथ किया गया स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट उसकी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि पाकिस्तान इससे पहले अमेरिका के नेतृत्व वाले समझौतों और गठबंधनों का हिस्सा रहा है लेकिन सऊदी अरब के साथ हुआ समझौता उस बाध्यकारी खंड के कारण अहम हो जाता है, जिसमें कहा गया है कि दोनों देशों में से किसी के भी खिलाफ किसी भी तरह के हमले को दोनों पर किया गया आक्रमण माना जाएगा।

समझौते की शब्दावली एक तरह से नाटो के खंड 5 की 'कॉपी' है, जिसमें कहा गया है कि एक देश पर हमला सभी सदस्य देशों पर हमला माना जाएगा और सभी सदस्य उससे अपनी तरह से निबटेंगे। यही वजह है कि पाकिस्तान-सऊदी अरब सुरक्षा समझौते को मीडिल ईस्ट में नाटो का आरंभ कहा जा रहा है। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि जल्दी ही कुछ और देश भी समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। भारत ने समझौते पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी है। भारत का कहना है कि वह क्षेत्रीय स्थिरता पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्यन करेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक का शीर्ष नेतृत्व लगातार इस बात की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है कि वह किसी न किसी तरह भारत को दुनिया के बड़े देशों से अलग-थलग कर दे। पाक नेताओं और फिल्ड मार्शल असीम मुनीर के विदेश दौरों का सिलसिला पाकिस्तान की इस कोशिश का ही परिणाम है। हालांकि समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद सऊदी अरब ने कहा है कि भारत के साथ हमारे मजबूत संबंध हैं, हम संबंधों को आगे बढ़ाते रहेंगे। यह समझौता किसी खास देश या घटना विशेष की प्रतिक्रिया नहीं है बल्कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक और गहन सहयोग का संस्थागत रूप है। हम क्षेत्रीय शांति में हर संभव योगदान देने का प्रयास करेंगे। भारत और सऊदी के बीच अरसे से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। भारत सऊदी का दूसरा सबसे बड़ा



> **निसंदेह समझौते के बाद पाकिस्तान की ताकत और अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में भारत को स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट को गंभीरता से लेना होगा तथा अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी।**

व्यापारिक साझेदार है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा में सऊदी और उसकी खाद्य सुरक्षा के लिए भारत अहम देश है। संयुक्त सैन्य अभ्यास के माध्यम से भी दोनों देश रक्षा सहयोग को मजबूत कर रहे हैं। इसके अलावा दोनों देश आतंकवाद, उग्रवाद और वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए खुफिया जानकारी साझा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत और सऊदी अरब के संबंध खासे मजबूत हुए हैं। मोदी अब तक तीन बार (2016, 2019 और अप्रैल 2025) सऊदी अरब का दौरा कर चुके हैं। साल 2016 में जब पीएम मोदी पहली दफा सऊदी की यात्रा पर गए, उस वक्त सऊदी अरब ने उन्हे अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। साल 2019 में सऊदी क्राउन पिंरस मोहम्मद बिन सलमान भारत की यात्रा पर आए तो पीएम मोदी खुद दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए पहुंचे। भारत यात्रा पर आए सऊदी प्रिंस ने उस वक्त कहा था कि पिछले 70 सालों में सऊदी अरब को खड़ा करने में भारत की भी अहम हिस्सेदारी रही है। ऐसे में सवाल यह है कि सऊदी अरब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद का पोषण करने वाले देश के साथ इस तरह के समझौते के लिए क्यों राजी हो गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि सऊदी परमाणु शक्ति संपन्न भारत के साथ संबंधों को संतुलित करने की आवश्यकता महसूस करने लगा है। सच तो यह है कि पिछले दिनों इजरायल द्वारा कतर की राजधानी दोहा पर किए मिसाइल हमलों ने खाड़ी देशों के भीतर इस कदर भय उत्पन्न कर दिया है कि उनका वाशिंगटन पर भरोसा डगमगा गया है।

माना जा रहा है कि सऊदी सीधे तौर पर भारत पर हमला नहीं करेगा लेकिन जिस तरह से यूरोप के देश यूक्रेन को सैन्य मदद कर रहे हैं, उसी तरह सऊदी भारत के खिलाफ पाकिस्तान को सैन्य मदद दे सकता है। सऊदी अरब की सेना भले ही छोटी हो लेकिन उसके जखीरे में अमेरिका, चीन और रूस से खरीद किए हुए अत्याधुनिक हथियार हैं। अब पाकिस्तान ने सऊदी के साथ पैक्ट कर भारत-अमेरिका सहित मिडिल ईस्ट को बड़ा संकेत दे दिया है। निसंदेह समझौते के बाद पाकिस्तान की ताकत और अधिक बढ़ जाएगी। ऐसे में भारत को स्ट्रेटेजी म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट को गंभीरता से लेना होगा और बदलती भू-सामरिक स्थिति को साधने के लिए भारत को अपनी सैन्य क्षमता और ज्यादा बढ़ानी होगी।



## संक्षेप

### रक्तदान का नया रिकॉर्ड

**शिविर में एक दिन में हजारों लोग बने रक्तदानी, डॉ सुधाकर बोले-रक्तदाता बनकर दुनिया से जाइए**

सुलतानपुर, महा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने एक दिन में रक्तदान कर जिले में कीर्तिमान बनाया। डॉ. सुधाकर सिंह ने बताया कि माता भगवती शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के शुरूआत में किया गया है। पूरे साल हमारा सेवा और साधना का कार्यक्रम चलेगा। इस ब्लड डोनेशन का उद्देश्य केवल यह था कैसे हम लोगों के अंदर का भय दूर कर पाए। रक्त को लेकर तमाम तरह की जो भ्रान्तिया उनके अंदर हैं उन भ्रान्तियों से उन्हें मुक्ति दिलाकर जब भी उन्हें जरुरत पड़ती है तो वो अपने रक्त को दान करने के लिए तैयार रहे। यहां कुल नौ टीमें आई थी, इसमें दो टीमें लखनऊ की एक केजीएमसी और एक आईएमए की आई थी। इसके अलावा प्रयागराज की दो टीमें, एक प्रतापगढ़ मेडिकल कॉलेज, अयोध्या मेडिकल कॉलेज, सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज आदि की टीमें लगाई गई थी। उन्होंने बताया 1700 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें लगभग एक हजार लोगों ने अब तक रक्तदान किया है। करीब 60 से ऊपर समितिया इस संयुक्त रक्तदान शिविर में शामिल हुई हैं। जिस तरह आजादी के लिए लोग मिलकर निकलते थे उसी तरह इस ब्लड कैम्प में सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोगों ने संयुक्त रूप से रक्तदान किया है।

### व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक

**थानों में व्यापारियों के साथ होगी हर माह चर्चा, एजेंडे पर कार्यवाही समीक्षा होगी**

सुलतानपुर, पुलिस लाइन सभागार में पुलिस उपाधीक्षक प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक हुई। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। त्रिपाठी ने कहा कि बैठक में उठाए गए बिंदुओं का एजेंडा बनाया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि अगली बैठक से एक सप्ताह पहले सभी थाना अध्यक्षों से बिंदुवार कार्यवाही की जानकारी मांगी जाए। प्रदेश महामंत्री ने हर थाने में व्यापारियों के साथ मासिक बैठक की मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पहले यह बैठकें शुरू हुई थीं, लेकिन बाद में बंद हो गईं। उन्होंने इसे दोबारा शुरू करने का आग्रह किया। ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की अफवाहों पर रोक लगाने की मांग की गई।

### कच्ची दीवार गिरने से 25 बकरियां समेत भैंस की मौत

**सुल्तानपुर के पीपर गांव में हुआ हादसा, पशुपालक परिवार पर आर्थिक संकट**

सुलतानपुर, धनपतगंज थाना क्षेत्र के पीपर गांव में शनिवार रात एक बड़ी दुर्घटना हुई। पशुपालक नंदलाल पाल की पशुशाला के पास स्थित पड़ोसी की जर्जर दीवार अचानक ढह गई। पशुशाला में उस समय 25 बकरियां और चार भैंसें बंधी हुई थीं। दीवार गिरने से सभी बकरियों और एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य भैंस घायल हो गई। घटना के समय परिवार के सदस्य भोजन कर रहे थे। मृत पशुओं की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है।

# रामलीला शोभायात्रा के साथ शुरू हुआ राम लीला मंचन

**शोभायात्रा पर लोगो ने की पुष्प वर्षा**

**11 दिवसीय रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



बहराइच। श्री मयादा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी (रजि0) की ओर से श्री रामलीला महोत्सव के शुभारंभ के अंतर्गत नगर के पंचायती मन्दिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल के नेतृत्व में निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो घंटाघर, चौक बाजार, पीपल तिराहा, मीराखेलपुरा, गुदड़ी, काजीपुरा, बशीरगंज होते हुए मंचन स्थल राम लीला मैदान पर जाकर समाप्त हुई। मुख्य मार्गो पर शोभायात्रा में देवी देवता स्वरूप लॉग आकर्षण का केन्द्र रहे। बहराइच की सबसे पुरानी रामलीला महोत्सव का यह 120वां वर्ष है। शोभायात्रा में शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामलीला कमेटी की ओर से झिंगहाघाट स्थित रामलीला मैदान में रामलीला मंचन से पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों की झांकियों ने शहरवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष मथुरा वृन्दावन के मशहूर कलाकार रामचरित्र का मंचन करेंगे। छावनी चौराहा पंचायती मन्दिर से शुरू हुई शोभायात्रा का जगह-जगह पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भव्य रथ पर प्रभु श्रीराम की अलौकिक छवि जनमानस का मन मोह रही थी। शोभायात्रा राम लीला मैदान पहुंचकर वहां भगवान के स्वरूपों का तिलक, चन्दन करके आरती उतारी गई। शोभायात्रा में कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, कमल शेखर गुप्ता, संतोष अग्रवाल, जय जय अग्रवाल, राहुल रॉय, राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, श्री नाथ शुक्ला, जीतेन्द्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, दीपक सोनी, विनय जैन पिन्टू, मनीष आर्या, के के मिश्र, मुरारी श्रीवास्तव, आनन्द गुप्ता, के के सक्सेना, अंशुमान यज्ञसैनी, मुकुट बिहारी तिवारी, अजय सिंह, राजन सिंह, एकता जायसवाल, रमेश जायसवाल सहित सैकड़ो रामभक्त मौजूद रहे।

### जगह जगह हुई पुष्पवर्षा

राम लीला शोभायात्रा के दौरान रथ पर सवार भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता, हनुमानजी जी शोभायमान हो रहे थे। शहर के विभिन्न मार्गो से निकली शोभायात्रा में आम जनमानस के द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा करके भगवान के स्वरूपों से आशीर्वाद लिया गया। शोभायात्रा छावनी चौराहे से शुरू होकर घंटाघर, चौक बाजार, पीपल तिराहा, गुदड़ी, काजीपुरा, बशीरगंज होते हुए राम लीला स्थल राम लीला मैदान पहुंची जहां पूजन, अर्चन आरती के बाद मंचन का शुभारंभ हुआ।

# आबकारी विभाग ने पकडी अवैध कच्ची शराब फैक्ट्री

**5 लोगों के खिलाफ मोतीपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत**

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के लिए जंगल व जंगल के किनारे बहने वाले नाले काफी मुफीद साबित हो रहे हैं। वही आपकारी विभाग की टीम ने औचक छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब बनाने की फैक्ट्री का पदार्फाश किया है। कतर्नियाघाट का जंगल अवैध शराब बनाने वालों के लिए काफी सुरक्षित है यहां पर अवैध शराब बनाने में लकड़ी पानी और सुरक्षा सब कुछ चंद पैसों से आसानी से मिल जा रहा है जिससे जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का निर्माण कार्य बड़े पैमाने पर संचालित किया जाता है। रविवार को मिहींपुरवा क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार ने जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम के साथ कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर वन रेंज के जंगल में किनारे बहने वाले उपदा नाले के किनारे अवैध शराब बनाने वाले अड्डे पर छापेमारी कर भारी मात्रा में लहन पानी की टंकी नौसादर ईस्ट अवैध शराब आदि बरामद किया है। अवैध शराब बनाने का काम जंगल क्षेत्र में होने के कारण अवैध शराब बनाने वाले पांच लोग झाड़ियों में छिपकर जंगल में भाग गये आबकारी विभाग की टीम ने पहचान के आधार पर मोतीपुर थाने में मुकदमा पंजीकृत कराते हुए लहन को नष्ट कर दिया शेष उपकरण जब्त कर लिया है। छापेमारी टीम में आबकारी निरीक्षक मिहींपुरवा आदित्य कुमार आबकारी सिपाही अमित कुमार पवन कुमार, मोहम्मद इमरान व थाना मोतीपुर पुलिस से कांस्टेबल उदय सेन चौधरी, अमरेंद्र गुप्ता आदि शामिल रहे। आबकारी विभाग द्वारा की गई कार्यवाही से क्षेत्रीय लोगों को अवैध शराब के कारोबार बंद होने की उम्मीद जगी है क्योंकि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार से बहुत से घर बर्बाद हो चुके हैं। वही शराब माफिया मालामाल हो गए हैं।

# शारदीय नवरात्रि का आरम्भ सिर्फ पर्व नहीं, एक साधना है: दीपक सिंह

**दुर्गा पूजा पंडाल का चौकी इंचार्ज ने किया उद्घाटन**

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। श्री नवदुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन चौकी इंचार्ज बाबागंज दीपक सिंह ने दीप प्रज्वलित व नारियल तोड़कर विविध पूजा-अर्चना के पश्चात फीताकर किया। श्री नव दुर्गा पूजा समिति बसभरिया गांव में दुर्गा पूजा का आयोजन प्रारम्भ हों गया है। रंग-बिरंगी लाइटिंग और सांस्कृतिक झलकियां लोगों कों आकर्षित कर रही है। भक्तजन सुबह शाम माता की आरती में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे है। उद्घाटन के मौके पर चौकी इंचार्ज श्री सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा जैसे सार्वजनिक आयोजन से सामाजिकता बढ़ती है। नवरात्री पर्व हमारी सभ्यता, संस्कृति के आलावा आपसी भाईचारे व नारी सम्मान का भी प्रतीक है। माँ एक शक्ति है और हम इस शक्ति की पूजा करते है। पंडाल के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कमेटी अध्यक्ष राकेश कुमार व महामंत्री अजय सिंह ने मुख्य अतिथियों कों स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूजा कमेटी के पदाधिकारी और गणमान्य सहित दिलीप गिरि, रामराज गिरि, गुड्डू आर्य, सनी गिरि, राज गिरि, राहुल सोनकर, रामसेवक, अमित सिंह, किशोरी गिरि, दीपक कश्यप, फिरोज अली, गंठली गिरि, हंसराज गिरि, जोगी पासवान, लवकुश आर्य राम सूरज आर्य, विनोद यादव, बालकरन यादव आदि ग्रामवासी उपस्थिति रहे।

# शारदीय नवरात्रि का आरम्भ सिर्फ पर्व नहीं, एक साधना है: रमेश सिंह रावत

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। श्री नवदुर्गा पूजा पंडाल का पंडित पुरवा में उद्घाटन आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने फीता काटकर नवदुर्गा पंडाल में विविध पूजा-अर्चना के पश्चात भारत माता की, जय जय माता दी, जय जय माता दी जयकारों से नवदुर्गा पूजा पूजा पंडाल गूंज उठा। आपको बताते चलें कि आदर्श थाना कोतवाली रुपईडीहा रमेश सिंह रावत प्रभारी निरीक्षक द्वारा फीताकर ग्राम पंचायत मुरलीधर ददौली ग्राम पंडित पुरवा में नवदुर्गा पूजा समिति मे आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि आदर्श थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को श्रीनव दुर्गा पूजा समिति पंडित पुरवा में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति बहराइच, एवं नवदुर्गा पूजा का आयोजन शेर सिंह कसौधन समिति अध्यक्ष और रमेश मिश्रा कार्यक्रम संयोजक द्वारा का बैच लगाकर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति का गोल्ड मैडल पहनाकर एवं दुशाला ओढ़ाकर कर सम्मानित करके आयोजन प्रारम्भ किया गया। रंग-बिरंगी लाइटिंग और सांस्कृतिक झलकियां लोगों कों आकर्षित कर रही है। भक्तजन सुबह शाम माता की आरती में शामिल होकर अपनी श्रद्धा व्यक्त कर रहे। नवदुर्गा पूजा उद्घाटन पावन पर्व के शुभ अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत जागरण मंच के संघ प्रचारक सर्वेश, अंबिका प्रसाद मिश्रा, इंद्रपाल मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद अजय कुमार मित्तल, अनूप कुमार अरविंद कुमार अजय त्रिपाठी चौधरी चरण सिंह उर्फ गब्बर सिंह, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति टीम के रमेश सिंह पत्रकार, संतोष शुक्ला पत्रकार, रमेश मिश्रा पत्रकार, शिवकुमार सिंह (भगोले सिंह) जैतापुर श्रवण कुमार कसौधन, श्याम कुमार मिश्रा पत्रकार, पूर्व उप ब्लाक प्रमुख तेज प्रसाद वर्मा आदि सम्मानित गणमान्य लोग सैकड़ो संख्या में उपस्थित रहे। अंत में संघ प्रचारक सर्वेश ने आए हुए अतिथियों को बताया कि मां दुर्गा पूजा जैसे सार्वजनिक आयोजन करने से सामाजिकता बढ़ती है। नवरात्री पर्व हमारी सभ्यता, संस्कृति के आलावा आपसी भाईचारे व नारी सम्मान का भी प्रतीक है। माँ एक शक्ति है और हम सभी लोग इस शक्ति की सभी लोग पूजा करते है

# मंझारा तौकली में आदमखोर जंगली जानवर का आतंक जोरों पर

**ग्रामीणों का आरोप भेड़िया नहीं लकड़बग्घा है**

**ग्रामीणों का आरोप प्रशासन की बहुत ही लचर व्यवस्था**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम मंझारा तौकली ग्राम बाबा बांग्ला में आज दिनांक 23.9.2024 मंगलवार के दिन समय करीब 2:00 बजे परिजनों के बीच से आदमखोर जंगली जानवर 3 साल के मासूम बच्चे को उठा ले गया। परिजनों ने उसका पीछा किया तो काफी मेहनत और मशक्कत के बाद करीब 1 किलोमीटर दौड़ने पर उसने बच्चे को छोड़ दिया। लेकिन मासूम बच्चे की हालत चिंताजनक है। बच्चे को तत्काल प्रभाव से मौके पर मौजूद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने अपनी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज भिजवाया जहां उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की बहुत ही लचर व्यवस्था है। मौके पर पर्याप्त मात्रा में वन विभाग की टीम भी नहीं है। पुलिस के सुरक्षाकर्मी भी बहुत कम संख्या में है। एंबुलेंस की कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि हम ग्रामवासी दिन और रात जाग कर हांका लगाकर अपने गांव की पहरेदारी करते हैं लेकिन इतनी कठोर पहरेदारी के बावजूद भी जंगली जानवर इतने सर्कस है कि वह परिजनों के मौजूदगी में ही बच्चों को अपना निवाला बना लेते जिससे हम मंझारा तौकली के ग्रामवासियों में डर भय का माहौल व्याप्त है।

# नशा मुक्ति अभियान के तहत गोष्ठी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। माँ राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा कार्यालय स्तिथि बाबागंज में मुख्य अतिथि रूपईडीहा चेयरमेन डॉ उमाशंकर वैश्य व विशिष्ट अतिथि कोतवाल रूपईडीहा रमेश सिंह रावत की उपस्थिति में आहुति हुई। चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जल, जंगल, जमीन व जलवायु को बचाने एवं नशे के खिलाफ व्यापक आंदोलन के तत्वाधान जन जागरूकता एवं आपसी समन्वय संवाद कार्यक्रम का आयोजन बराबर किया जाता है। इसी कड़ी में क्षेत्र में बढ़ रहे नशे के उपभोग और विक्रय पर रोक लगाने एवं आम जनमानस और पुलिस की सक्रियता के संबंध में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कों सम्बोधित करते चेयरमेन डॉ उमा शंकर वैश्य ने कहा कि नशे के कारण होने वाले दुर्घटना से आर्थिक ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक रूप से भी क्षति होती है। नशा समाज के लिए भी हानिकारक व नुकसानदायी है। नशे से जूझ रहे उन्हें सकारात्मक विचार अपनाने, योगाभ्यास, व्यायाम करने खुद के व्यवहार में अच्छी आदतें अपनाने की जरुरत है। वही कोतवाल रूपईडीहा श्री रावत में अपने सम्बोधन में कहा कि क्षेत्र में खेल, शिक्षा व रोजगार काम करने की आवश्यकता है। नशा ज्यादातर घरों तक पहुंच चुका है। यह बुराई विकराल रूप धारण कर रही है। नशे में सबसे अधिक किशोरावस्था के युवा इसकी गिरफ्त में आते है। डॉ सुरेश गुप्ता ने नशे से होने वाले दुष्परिणाम व युवा वर्ग में फैल रही नशा कों कैसे रोका जाए, इस पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवपूजन सिंह ने किया। अमेरिका तिवारी, उत्तम कुमार, राघवेंद्र शर्मा, राज कुमार शर्मा, बद्री सिंह, छेदा खान, दस्तगीर, दुर्गेश वर्मा आदि उपस्थिति रहे।

# विद्यालय में संपन्न हुआ स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

मलवां फतेहपुर, जनपद की बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी कें निर्देशन पर मलवां विकासखंड अंतर्गत पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर में स्वच्छता पखवारे को सुनियोजित ढंग से मनाया जा रहा है निर्धारित तिथि के अनुसार विद्यालय अंतर्गत प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला की अगुवाई में बच्चों को स्वच्छता शपथ स्वच्छता जागरूकता ग्रीन स्कूल मुहिम एवं हाथ धुलाई कार्यक्रम आयोजित किया गया विद्यालय परिसर में मौजूद अभिभावक संघ अध्यक्ष मिथिलेश की उपस्थिति में बच्चों समेत अभिभावकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैष्णो कीर्ति शुक्ला ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता अभियान की जानकारी दी तथा अनेक प्रतियोगिताएं संपन्न कराई बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु प्रधानाध्यापिका ने



बच्चों को पुरस्कार वितरण करते हुए हौसला आफजाई किया इस मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक रवींद्र महेजबीन बृजेंद्र समेत सभी बच्चे मौजूद रहे

# अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। मंगलवार 23 सितंबर को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस कार्यशाला का आयोजन स्थानीय पुलिस लाइन के ऑडिटोरियम में किया गया। पुलिस अधीक्षक आर एन सिंह के सहयोग से पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण लखनऊ से आई श्रीमती शेफाली सिंह ने देवीपाटन मंडल डीफ वेलफेयर एसोसिएशन बहराइच संबंधित अखिल भारतीय उत्तर प्रदेश बधिर संस्था लखनऊ तथा 33 वर्षों से कार्यरत बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय के सहयोग से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं ने पुलिस विभाग के उपयोग में आने वाले सभी सांकेतिक शब्दों को प्रशिक्षुओं को सिखाया गया। दोपहर 2 से 5 बजे तक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के सहयोग से विकास भवन स्थित सभागार में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस आयोजित किया गया जिसमें दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा चल रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अमिष कुमार सिन्हा मोहम्मद नदीम संयुक्त सचिव वरुण कुमार गुप्ता सदस्य सचिन वर्मा सदस्य शेफाली सिंह सांकेतिक भाषा लखनऊ कंपोजिट रीजनल सेंटर तथा डॉक्टर बलमीत कौर बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय प्रबंधक तथा सभी बधिर दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# टायर फटने से मैजिक गाड़ी पलटी

**24 लोग घायल, अस्पताल में भर्ती; खुर्जा जा रहे थे सभी लोग**

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़, टाटा मैजिक का टायर फट गया। इससे गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। मैजिक में 24 से अधिक लोग सवार थे, जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा अकराबाद थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे रिंग रोड पर भदेसी गांव के पास हुआ। हादसे के दौरान लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद सभी को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद 12 लोगों को जेएन मेडिकल कालेज रेफर किया गया। अकराबाद के गांव अघौल निवासी इकबाल ने बताया कि उनके गांव की एक युवती की बीते दिनों अपने ससुराल में मौत हो गई थी। उसकी गमी में शामिल होने के लिए ही गांव के लोग खुर्जा की ओर जा रहे थे। सभी लोग टाटा मैजिक में सवार थे। उन्होंने बताया-मैजिक में लगभग 20 महिलाएं और 6-7 पुरुष सवार थे। सभी लोग गांव के ही थे। रास्ते में गांव भदेसी के पास अचानक टाटा मैजिक का टायर फट गया और गाड़ी बेकाबू हो गई। जिसके कारण गाड़ी हाईवे पर पलटकर नीचे गिर गई और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी को एम्बुलेंस और प्राइवेट गाड़ियों से मलखान सिंह जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार देने के बाद एक दर्जन घायलों को जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल में 6 घायलों का इलाज जारी है। वहीं घटना के बाद पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अकराबाद थाना प्रभारी डीके सिसौदिया ने बताया-मैजिक का टायर फटने के कारण गाड़ी बेकाबू हो गई थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

# युवक ने की आत्महत्या

**कमरे में फंदे से लटका मिला शव, परिवार में मचा कोहराम**



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, तिलोई ब्लॉक के कमवापुर मजरे नशरतपुर निवासी शायरे इस्लाम कारी अब्दुल वदूद ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह मोहनगंज जायस मार्ग स्थित मदरसे में रहते थे। अब्दुल वदूद की शादी करीब तीन माह पहले कस्बा तिलोई में हुई थी। वह घर में अपनी बुजुर्ग मां-पिता और पत्नी के साथ रहते थे। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने न तो मृतक का पोस्टमार्टम कराया और न ही पुलिस में कोई शिकायत दर्ज कराई। गांव में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अब्दुल वदूद की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

# मेधावी छात्रों का सम्मान

**हाईस्कूल और इंटर के 175 बच्चों को किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन ने सुलतानपुर के गोल्डन प्लाजा गेस्ट हाउस में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 175 बच्चों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में अदीबा खुर्शीद अंसारी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में शादाब अहमद अंसारी 97.8 प्रतिशत अंक के साथ टॉपर बने। नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली अल सबा अंसारी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। संगठन की सराहना करते हुए उन्होंने हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथियों में जामा मस्जिद सुल्तानपुर के मौलाना अब्दुल लतीफ, संगठन के राष्ट्रीय संस्थापक हाजी शफकत उल्ला अंसारी और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गुलजार आलम अंसारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन साबीहा नसरीन अंसारी और मोहम्मद मोहतमिम अंसारी ने किया। जिलाध्यक्ष फरहत उल्ला अंसारी ने सभी अतिथियों और मीडियाकर्मियों का स्वागत किया। समाजसेवी हाजी मोहम्मद हारुन ने संगठन द्वारा गरीब बच्चों की शिक्षा और विवाह में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर निसार अहमद गुड्डू, मंजरुल इस्लाम, शमशुल हक, वकील अंसारी, इफ्तेखार, मोहम्मद नईम, जावेद अहमद अंसारी मीडिया प्रभारी, मोहम्मद रईस, मोहम्मद नियाज अहमद, सभासद आरिफ अंसारी, हाजी अखलाक, मास्टर तौहीद, खुर्शीद, मोहम्मद शफीक, कलीमुल्लाह, शहीद वीर अब्दुल हमीद के अध्यक्ष मकबूल अहमद नूरी आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### एसीपी भास्कर वर्मा को सर्किल से हटाया, सूर्यबली को कमान सौंपी

**गाजियाबाद सीपी ने जनसुनवाई और कानून व्यवस्था के मद्देनजर 2 एसीपी बदले**

गाजियाबाद, सबसे वीआईपी सर्किल कविनगर के एसीपी भास्कर वर्मा को सर्किल से हटा दिया गया है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने बताया कि प्रभावी जनसुनवाई न होने और कानून व्यवस्था के मद्देनजर यह बदलाव किया गया है। भास्कर वर्मा को सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर से सहायक पुलिस आयुक्त क्राइम व सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक 2 का प्रभार दिया गया है। वहीं सूर्यबली मौर्य को सहायक पुलिस आयुक्त ट्रैफिक व क्राइम से सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर बनाया गया है। साथ ही एसीपी भवन एवं आधारभूत सरंचना की जिम्मेदारी भी दी गई है। शहर व देहात के कई थाना प्रभारी भी अफसरों के निशाने पर हैं। जनसुनवाई प्रभावी ढंग से न करने और फील्ड में देरी से निकलने पर थाना प्रभारियों में बदलाव हो सकता है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर लगातार कानून व्यवस्था और ट्रैफिक की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में रक्तदान शिविर

**100 से अधिक छात्रों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान**

गाजियाबाद, मोदीनगर स्थित डॉ. के.एन. मोदी साइंस एंड इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर एमएमजी अस्पताल के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में 100 से अधिक छात्रों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। डॉक्टर के.एन. मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर डी.के. मोदी ने इस अवसर पर महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति के रक्तदान से किसी की जीवन रक्षा की जा सकती है। कार्यक्रम में अंशुल चौधरी, उन मिश्रा, डॉक्टर पी.एन. ऋषिकेश, रीता बख्शी और दीपांकर शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### तीन बच्चों की मां ने की आत्महत्या

**शराबी पति की प्रताड़ना से परेशान महिला ने फांसी लगाई, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप**

मेरठ, लोहिया नगर थाना क्षेत्र के अलीबाग में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 25 वर्षीय तैयबा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका के तीन बच्चे हैं - दो बेटियां और एक बेटा। तैयबा का निकाह 6 साल पहले दिल्ली के जोनापुर निवासी सरताज से हुआ था। सरताज ऑटो चालक है। परिवार पिछले एक साल से अलीबाग कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहा था। तैयबा ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मृतका के परिजनों का आरोप है कि सरताज शराब के नशे में पत्नी के साथ बर्बरता करता था। महिला ने कई बार इसकी शिकायत अपने परिवार से की थी। परिवार ने हर बार समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया।

# दबंगों ने बुजुर्ग युवक पर किया हमला

## लाठी-डंडों से पीटा, अस्पताल में भर्ती, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, यमुनापार क्षेत्र के घूरपुर थाना अंतर्गत बरौली गांव में स्थानीय दबंगों ने राम अभिलाष नामक वृद्ध व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमला इतना हिंसक था कि वृद्ध लहूलुहान हो गया और आसपास के लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए। घटना के संबंध में जानकारी के अनुसार, राम अभिलाष अपने घर के आस-पास मौजूद थे, तभी कुछ दबंगों ने बिना किसी बात के उन पर हमला बोल दिया। हमले में वृद्ध के सिर पर कई चोटें आईं और आसपास के लोग चिल्लाने लगे। ग्रामीणों की मदद से राम अभिलाष को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र और फिर गंभीर स्थिति में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमलावरों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए इलाके के सीसीटीवी फुटेज और गवाहों के बयान लिए जा रहे हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि आरोपी जल्दी ही सलाखों के पीछे होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि यह मामला रसूख को लेकर है। गांव के लोग इस घटना की निंदा की और कहा कि बरौली गांव में इस तरह का हिंसक हमला पहले कभी नहीं देखा गया।

उन्होंने प्रशासन और पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

राम अभिलाष की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन उनकी गंभीर चोटों के कारण डॉक्टर्स लगातार उनकी निगरानी कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने भी घटना पर संज्ञान लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं।

# बमबाजी कर फैलाई दहशत

## जोरदार धमाका, धुएं के गुबार से अफरातफरी, आरोपियों की तलाश में छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, अतरसुइया थाना क्षेत्र में बमबाजी की घटना से हड़कंप मच गया। दरियाबाद मोहल्ले में एक अज्ञात युवक ने एक मकान को निशाना बनाकर बम फेंका। धमाके के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई और चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें एक दुबली-पतली कद काठी का युवक टी-शर्ट पहने पैदल आता दिख रहा है। वह कुछ देर इधर-उधर देखने के बाद अपनी जेब से बम निकालता है और एक मकान की ओर फेंक देता है। बम फटते ही जोरदार धमाका होता है और आस-पास धुआं फैल जाता है। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो जाता है। 51 सेकेंड की सीसीटीवी फुटेज में यह भी दिख रहा है कि युवक के भागते ही कुछ स्थानीय लोग उसका पीछा करने की कोशिश करते हैं। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। अतरसुइया थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि घटना में शामिल युवक की पहचान 'भूरी' नामक बदमाश के रूप में की गई है। हालांकि, अब तक हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

# विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बनी छात्रा मन्तिशा

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। मिशन शक्ति फेस 6 के अंतर्गत कल मंगलवार की गतिविधि के अनुसार प्रत्येक प्राथमिक उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय में छात्र को अधिकारी एक दिन का अधिकारी बनने की गतिविधि निश्चित की गई इसके आधार पर कंपोजिट विद्यालय अमौली में कक्षा 7 की छात्रा मन्तिशा को एक दिन के लिए प्रधानाध्यापिका बनाया गया। छात्रा ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रतिदिन विद्यालय न आने वाले छात्रों के बारे में बातचीत किया और कक्षा कक्ष में जाकर बच्चों से शिक्षण कार्य के बारे में जानकारी ली । बच्चों को डिजिटल बोर्ड पर पेंट्स ऐप पर कार्य करते हुए देखकर उनको शाबाशी दी। इस थीम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में उनको अपने सपने को साकार करने और एक जिम्मेदारी निर्वहन करने की भावना का विकास करने की पहल है। बच्चों विद्यालय को साफ स्वच्छ रखना, समय से विद्यालय आना और पढ़ाई में मन लगाकर परिश्रम करना , इन सभी अच्छी आदतों को सिखाया।



# महिला पुलिस की बाइक रैली, 600 पुलिसकर्मी रहीं

## मिशन शक्ति के तहत सीपी जे रविंदर और एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, महिला पुलिस की बाइक रैली का शुभारंभ धूमधाम से किया गया। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड और एडिशनल पुलिस कमिश्नर केशव कुमार चौधरी, डीसीपी धवल जायसवाल, डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी, डीसी पी निमिष पाटील, एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, आरआई चंद्रभान सिंह, एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव भी रहे। सीपी ने हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना किया। इस रैली में महिला एसीपी प्रिया श्रीपाल, महिला थाना प्रभारी, महिला कांस्टेबल, ट्रैफिक पुलिसकर्मी और अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहे। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान- 5 के तहत इस बाइक रैली का आयोजन किया गया। शहर में अलग अलग स्थानों पर इस रैली में पुष्प बरसाए गए। जहां पुलिसकर्मियों ने रैली में शामिल पुलिसकर्मियों पर पुष्प बरसाए। यह रैली पुलिस लाइन से शुरू होकर संतोष मेडिकल से चौधरी मोड़ होते हुए पुलिस लाइन में ही समाप्त का कार्यक्रम है। इस रैली में सभी डीसीपी, एसीपी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# द्वितीय दिवस माता ब्रह्मचारिणी का हुआ अभिषेक

## रात्रि में महा आरती के बाद भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

अमन लेखनी समाचार / समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड अंतर्गत मां दुर्गा पूजा कमेटी के तत्वावधान में चल रहे महा महोत्सव अंतर्गत द्वितीय दिवस माता ब्रह्मचारिणी का पूजन वेद मंत्रों के साथ प्रातः काल बेला में संपन्न हुआ वहीं सायं काल समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार द्विवेदी शिवम द्विवेदी उर्फ अन्ना दुबे आदि की मौजूदगी में महा आरती संपन्न हुई महा आरती के पश्चात भक्तों ने महाप्रसाद को ग्रहण किया वहीं कस्बे की महिलाओं ने सुंदर-सुंदर भजन संग्रह प्रस्तुत करते हुए मां जगत जननी से आशीर्वाद प्राप्त किया देर रात तक भजन संध्या चलती रही वहीं प्रेम से बोलो जय माता की सब मिल बोलो जय माता की जयकारों से समूचा परिसर गुंजायमान होता रहा इस मौके पर समिति के अन्य सदस्य गजेंद्र महेंद्र रमेश दिनेश अनुराग संदीप अजीत दुबे समेत भारी संख्या में महिला दीर्घा भक्तगण मौजूद हैं



# बेटी पैदा होने पर महिला को ससुरालवालों ने पीटा

- बाल काटे और घर से निकाला, पति समेत 7 लोगों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



मोदीनगर, कृष्णा कुंज कॉलोनी में एक महिला पूजा के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। पूजा ने पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी, जिसके बाद पति नितिन समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पूजा न्यू मानवतापुरी कॉलोनी की रहने वाली हैं। उनके पहले पति की 2022 में मृत्यु हो गई थी।

पहली शादी से उनका 7 साल का बेटा रोहन है। परिवार ने पूजा की दूसरी शादी कृष्णा कुंज कॉलोनी निवासी नितिन से करवा दी। शादी के समय तय हुआ था कि रोहन पूजा के साथ रहेगा, लेकिन नितिन ने शादी के बाद रोहन को घर से निकाल दिया। पूजा ने 4 सितंबर को बेटी को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल वाले मारपीट करने लगे। 11 सितंबर को पति और परिजनों ने जमकर पीटा। पूजा ने अपने परिजनों को सूचना दी। जब परिजन मिलने आए, तब भी ससुराल वालों ने उनके साथ मारपीट की। इस दौरान पूजा के बाल काट दिए गए और उन्हें बच्ची के साथ घर से निकाल दिया गया। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि पति नितिन, ननद ममता, बेबी, नीतू, गीती, देवर निक्की और देवरानी प्रियंका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला कांस्टेबल की ट्रक से टक्कर में मौत

## दादरी थाने में तैनात 35 वर्षीय अनुराधा ड्यूटी जाते समय हादसे का शिकार, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद, वेव सिटी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-9 पर ओम साईं फार्म हाउस के सामने स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल को ट्रक ट्रेलर ने टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी सवार महिला कांस्टेबल की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक महिला कांस्टेबल की पहचान 35 वर्षीय अनुराधा के रूप में हुई है।

वह दादरी थाने में तैनात थी और गाजियाबाद के गोविंदपुरम में अपने परिवार के साथ रहती थीं। मूल रूप से वह मुजफ्फरनगर जिले के थाना बुढ़ाना क्षेत्र की रहने वाली थी। हादसे के समय वह स्कूटी से ड्यूटी के लिए दादरी जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक ट्रेलर तेज रफ्तार में था और उसने अचानक स्कूटी को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रक ट्रेलर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। सर्वेश पाल, थाना प्रभारी, वेव सिटी थाना ने जानकारी देते हुए बताया की आज सुबह वेव सिटी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे लाल कुआं के पास एक दुखद सड़क हादसा हुआ।

हादसे में स्कूटी पर सवार महिला कांस्टेबल अनुराधा ट्रक की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

पुलिस ने ट्रक ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है और हादसे के बाद फरार चालक की तलाश जारी है। हम इस मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही जिम्मेदार चालक को कानून के तहत सजा दिलाने के लिए हर संभव कार्रवाई की जाएगी।

# कचैड़ा के पहलवान ने रचा इतिहास

## मेरठ मंडल से स्टेट लेवल कुश्ती प्रतियोगिता में चयन, गांव में जश्न का माहौल

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर, बिसरख पंचायत के कचैड़ा गांव के युवा पहलवान प्रवेश नागर का मेरठ मंडल से स्टेट लेवल कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। बचपन से कुश्ती के शौकीन प्रवेश ने निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। प्रवेश के कोच रवि के अनुसार, वह एक अनुशासित और मेहनती खिलाड़ी है। कोच को विश्वास है कि प्रवेश स्टेट स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा। साथ ही भविष्य में नेशनल स्तर पर भी सफलता हासिल करेगा। पहलवान के पिता प्रेम सिंह नागर ने बताया कि यह गांव और परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रवेश ने कुश्ती को अपना जीवन बना लिया है। वह आगे चलकर देश का नाम रोशन करेगा। इस उपलब्धि से कचैड़ा गांव में खुशी की लहर है। ग्रामीणों का मानना है कि प्रवेश की सफलता से गांव के अन्य युवा भी खेलों की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने कचैड़ा गांव और बिसरख पंचायत का नाम रोशन किया है।

# नशा मुक्त थीम पर नमो मैराथन

## भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह बोले - प्रधानमंत्री का जीवन हमारे लिए चमत्कार से कम नहीं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाडे के तहत मेरठ में नमो मैराथन का आयोजन किया गया। इस मैराथन का आधार नशा मुक्त युवा रखते हुए संगठन के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को हरि झंडी दिखा कर मैराथन शुरू कराई और विजेताओं को इनाम भी दिए। मैराथन में कुल 10 खिलाड़ियों को इनाम भी दिए गए। इनमे पहले मैराथन पूरी करने वाले पांच पुरूष वर्ग के खिलाड़ी रहे और और पांच महिला वर्ग की खिलाड़ी रही। मुख्य अतिथि ने इन खिलाड़ियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए इन्हे सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में मेरठ पहुंचे संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का जीवन चमत्कार से कम नहीं है। त्योहार से लेकर जन्मदिन तक सभी वह देश की जनता के बीच में रहकर मनाते हैं। अगर जीवन में ईमानदारी और राष्टभक्ति हो तो कोई भी बाधा हमे नहीं रोक सकती ऐसी प्रेरणा हमे हमारे नेता से मिलती है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि यह मैराथन सिर्फ एक खेल या कोई सामान्य गतिविधि नहीं है। इसके माध्यम से समाज में एक समानता का संदेश भी दिया जा रहा है। जिस प्रकार मैराथन में पुरूष, महिला, युवा ,बुजुर्ग सभी एक साथ दौडते हैं , उसी प्रकार हमारे प्रधानमंत्री भी सभी को समान रखते हुए जनहित में कार्य करते हैं।

# दो बदमाश एनकाउंटर में अरेस्ट

- इंदिरापुरम पुलिस के साथ हुई मुठभेड़, मेरठ से लेकर गाजियाबाद व दिल्ली तक करते वाहन चोरी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, इंदिरापुरम पुलिस ने सुबह एनकाउंटर में दो बदमाशों को एनकाउंटर में अरेस्ट किया है। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली मारी है, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों बदमाश मेरठ के लिसाड़ी गेट क्षेत्र के रहने वाले हैं। जो लगातार एनसीआर और आसपास के जिलों में लूट व वाहन चोरी कर रहे थे, जिन पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे हैं। अभी तक की पूछताछ में पता चला है कि मेरठ, गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली से वाहनों को चोरी कर दूसरे स्थान पर ऑन डिमांड बेचते थे। पुलिस ने मौके से एक फॉर्च्यूनर कार, एक स्विफ्ट कार दो तमंचे बरामद किए हैं। इंदिरापुरम पुलिस और स्वाट टीम हिंडन रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने फॉर्च्यूनर को रोकने का प्रयास किया तो कार चालक ने कार दौड़ा दी, जिसके बाद पुलिस ने घेराबंदी की और कार सवार बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग में पैर में गोली मारकर बदमाश को अरेस्ट किया है, जबकि दूसरी स्विफ्ट कार में दूसरे बदमाश को अरेस्ट किया गया है। फार्च्यूनर सवार बदमाश राशिद काला पुत्र शौकीन के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। मुजाहिद अल्वी व राशिद काला से पूछताछ की गयी तो बताया कि हम दोनों कार चोरी करते हैं, और चोरी की कारों को अन्य राज्यों में अच्छा ग्राहक मिलने पर बेच देते है, जो फार्चूनर कार हमसे बरामद हुई है उसको हम दोनों ने मिलकर जुलाई 2025 के पहले सप्ताह में



रासा होटल के पास चोरी किया था तथा दूसरी स्विफ्ट कार हम लोगो ने दिल्ली विकासपुरी से 2 दिन पहले चोरी की। आज हम दोनो इन दोनो चोरी की गाडियों को सुरक्षित स्थान पर खडी करने जा रहे थे कि आपने हमें पकड लिया। मुजाहिद अल्वी पुत्र वाहिद अल्वी निवासी मोमीन नगर थाना लिसाडीगेट मेरठ है। राशिद काला पुत्र शौकीन निवासी समर गार्डन लिसाडी गेट मेरठ का रहने वाला है।

# 'मंत्रालय में विधायक कक्ष स्थापित करके कार्यालयीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं' : विधायक विलास तरे

अमन लेखनी समाचार



पालघर । महाराष्ट्र सरकार के मंत्रालय में विधायकों के लिए एक स्वतंत्र 'विधायक कक्ष' स्थापित किया जाए और उसमें कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट और अन्य आवश्यक कार्यालयीन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं – ऐसी मांग विधायक विलास तरे ने एक लिखित निवेदन के माध्यम से की है। यह निवेदन उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सौंपा है, जो सामान्य प्रशासन विभाग का दायित्व भी संभालते हैं। विलास तरे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानमंडल के कुल 366 सदस्य (288 विधायक और 78 विधान पार्षद) राज्य के विभिन्न हिस्सों से जनता की समस्याएं और मांगें लेकर समय-समय पर मंत्रालय पहुंचते हैं। वे मंत्रालय के विभिन्न विभागों और मंत्रियों से मिलकर निवेदन प्रस्तुत करते हैं। लेकिन वर्तमान में मंत्रालय परिसर में विधायकों के लिए कोई भी स्थायी या स्वतंत्र कार्यालयीन सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसे में निवेदन तैयार करने, जेरॉक्स निकालने, दस्तावेजों में बदलाव करने या पत्राचार जैसे कार्यों में विधायकों के निजी सहायकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार समय पर आवश्यक दस्तावेज तैयार नहीं हो पाते, या फिर बाहरी दुकानों पर निर्भर रहना पड़ता है – जो न तो व्यावहारिक है और न ही सुरक्षित ।ब इन्हीं कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंत्रालय में विधायकों के लिए एक अलग कक्ष की मांग की है, जिसमें कंप्यूटर, प्रिंटर, इंटरनेट, जेरॉक्स मशीन, बैठने की व्यवस्था और एक-दो सहायक कर्मचारी उपलब्ध हों। इससे विधायकों और उनके सहायकों को समय पर दस्तावेज तैयार करने, उनकी प्रतिलिपि निकालने और मंत्रियों से प्रभावी संपर्क करने में सुविधा होगी। यह निवेदन मुख्यमंत्री के साथ-साथ संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील और मुख्य सचिव राजेश कुमार को भी भेजा गया है।

# विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

**दो बच्चो के सर से मां का साया उठा, मां को याद कर रो-रोकर बच्चो का बुरा हाल**

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) स्थनीय थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत बीजपुर के टोला पुनर्वास में रविवार शाम को एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका पत्नी आशीष कुमार उम्र 25 वर्ष किसी बात से क्षुब्ध होकर अपने रूम में पंखे में साड़ी के फंदे से लटक गई। उस समय घर पर कोइ नही था बच्चे बाहर खेल रहे थे। किसी काम से रिस्तेदारी की आई ननद घर में गई तो देखी की भाभी फंदे से लटक रही है। यह दृश्य देख ननद के पाव तले जमीन खिसक गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोगो की मौके पर भिड़ जुट गई। सूचना पर घर के अन्य परीजन मौके पर पहुंच कर लोगो ने फांसी के फंदे से उतार कर आनन-फानन में रिहंद धनवंतरी चिकित्साल्य ले गए जहां डाक्टर जाचोपरांत मृत घोषित कर दिए। मौत की खबर सुन परिजनो में चीखपुकार मच गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। सूचना पाकर कर विवाहिता के माईका पक्ष के लोग देर रात मौके पर पहुंच गए ।मृतिका का माईका डिबुलगंज अनपरा में है। मृतिका अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गई पहला पुत्र प्रिंस 6 वर्ष व दूसरा प्रियांसु 4 वर्ष का है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया की मृतिका के पति आशीष कुमार के तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई कर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो पाएगा की मौत कैसे हुई है।

# आयुर्वेद है सम्पूर्ण जीवन पद्धति: डॉ. प्रवीण सिंह जादौन

**राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर दुबेपुर में विशेष कार्यक्रम**

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर एकल अभियान के तत्वाधान में गतिविधि विभाग की आरोग्य योजना द्वारा दुबेपुर ब्लॉक सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण सिंह जादौन, निदेशक निर्माण सहकारी संघ, उत्तर प्रदेश शासन, मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक श्री प्रकाश , कार्यक्रम अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह, आयुर्वेदाचार्य डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, तथा डॉ. निशा सिंह, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद ने सम्मिलित होकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा आयुर्वेद केवल उपचार की पद्धति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण जीवन जीने की भारतीय शैली है। यदि हम इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाएँ तो रोगमुक्त और स्वस्थ जीवन पाना संभव है। आज आवश्यकता है कि आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ जोड़कर हर घर तक पहुँचाया जाए। यह केवल चिकित्सा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर भी है, जिसे सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। मुख्य वक्ता श्री प्रकाश जी ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन भारत में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली और आयुर्वेद चिकित्सा जन-जन की जीवनशैली का हिस्सा थी, लेकिन मुगलों और अंग्रेजों ने अपने कुचक्र से भारतीय संस्कृति और शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास किया। उन्होंने आह्वान किया कि अब समय है जब हम पुनः अपनी परंपराओं और प्राचीन ज्ञान को अपनाकर नई पीढ़ी को इससे जोड़ें। विशिष्ट वक्ता. निशा सिंह ने महिला स्वास्थ्य और आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घरेलू नुस्खे और आयुर्वेदिक उपचार हर महिला के जीवन को सरल और स्वस्थ बना सकते हैं। आयुर्वेदाचार्य डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने आयुर्वेद की वैज्ञानिक पद्धतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने में अत्यंत उपयोगी हैं। इस अवसर पर सहकार भारती उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अशोक कुमार श्रीवास्तव आंचल समिति से अनिल सिंह, लालकृष्ण, आंचल प्रमुख बृजेश सिंह, तथा सुनील कुमार, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, विजय कुमार, अनु, कविता, संगीता, शिवराम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल जनजागरूकता का माध्यम बना बल्कि लोगों में आयुर्वेद को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प भी जगा गया।

## खास समाचार

# वन विभाग एवं जिला गंगा समिति की ओर से विंध्य धाम के घाटों पर चलाया गया सफाई अभियान



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर। शरदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर विंध्याचल धाम के गुदारा एवं अखाड़ा घाट पर वन विभाग एवं जिला गंगा समिति की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही गंगा स्वच्छता का संकल्प लिया गया। जिला वनाधिकारी राकेश कुमार के नेतृत्व में गंगा वारियर एवं गंगा प्रहरियों ने साफ-सफाई कर घाटों को चमका दिया। सिंगल यूज प्लास्टिक- पोलीथीन इकट्ठा कर रिसाइक्लिंग के लिए डंप कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों के साथ गंगा वारियर व प्रहरियों को सफाई करते देखकर माँ विंध्यवासिनी के दर्शन पूजन के पूर्व डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं ने भी सफाई अभियान में हाथ बंटाया। गंगा वारियर सुवास चंद्र ओझा ने गंगा की अविरलता व निर्मलता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। एसडीओ शेख मुअज्जम वन क्षेत्राधिकारी एस पी वर्मा, विपिन सिंह गंगा प्रहरी राहुल निषाद, साजन साहनी, नीरज, इंद्रेश, गोविन्द लाल, अमन, शिवा आदि ने सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिला वनाधिकारी राकेश कुमार ने गंगा सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी मिहनत रंग लाएगी। सफाई अभियान में आम जनमानस के जुड़ने से वन विभाग एवं जिला गंगा समिति के अधिकारी प्रसन्न दिखाई पड़े। विंध्य धाम में बस स्टैंड में वन विभाग एवं जिला गंगा समिति की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई है।

# डायरिया केस की रिपोर्टिंग पोर्टल पर सुनिश्चित हो : डॉ. बेलवाल

**'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम की प्रगति व समीक्षा बैठक**

**पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम**



अमन लेखनी समाचार

मुरादाबाद। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम की प्रगति व समीक्षा बैठक मंगलवार को नोडल अधिकारी आरसीएच डॉ. एस. के. बेलवाल की अध्यक्षता में हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में हुई बैठक में डॉ. बेलवाल ने कहा कि डायरिया के मामलों की रिपोर्टिंग सही तरीके से हेल्थ मैनेजमेंट इन्फार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम की पिछले तीन माह की प्रमुख गतिविधियों और आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ. बेलवाल ने जिले में 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के बारे में भी विस्तार से चर्चा की, साथ ही उसकी दैनिक रिपोर्ट के लिए सम्बंधित पोर्टलों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) के दौरान आयोजित की गयी गतिविधियों को सराहा और आगे भी इसी तरह की गतिविधियों को आयोजित करने की योजना पर कार्य करने को कहा। बैठक में पीएसआई इंडिया से मो. रिजवान ने 'डायरिया से डर नहीं' कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों और प्रगति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया गया है। टीम ने ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की है। इसके अलावा छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनवाने का कार्य किया गया है। आशा कार्यकताओं, एएनएम व आशा संगिनी का डायरिया पर अभिमुखीकरण पीएसआई इंडिया द्वारा किया जा रहा है। पम्पलेट आदि प्रचार सामग्री (आईईसी) का वितरण भी किया गया है और प्रचार वाहन का संचालन भी ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में किया जा चुका है। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास सिंह व डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव के साथ जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुबीर सिंह, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक चंद्रशेखर, ब्लॉक से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी बीपीएम और बीसीपीएम साथ ही सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

**डॉ. सतेन्द्र कुमार ने जन जागरूकता पर दिया जोर**

**अभियान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू कर रहे सहयोग**

अमन लेखनी समाचार



फिरोजाबाद। 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार' अभियान के तहत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एका में जनजागरूकता कार्यशाला आयोजित की गयी। पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। समुदाय तक यह सन्देश स्पष्ट रूप से पहुंचना चाहिए कि 17 सितम्बर से दो अक्तूबर तक जिले में स्वास्थ्य परामर्श, जाँच और इलाज के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता और एएनएम उपस्थित रहीं।

डॉ. सतेन्द्र कुमार ने कहा कि अभियान के दौरान खास तौर पर गर्भवती महिलाओं में खून की कमी की जांच कर उसे दूर करने पर जोर दिया जा रहा है। शून्य से पांच साल तक के बच्चों में डायरिया की पहचान कर जिंक और ओआरएस का वितरण किया जा रहा है। स्तन कैंसर, ग्रीवा कैंसर, ओरल कैंसर आदि की पहचान कर उनके इलाज का प्रबंध किया जा रहा है। पोषण माह की गतिविधियों में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सहयोग पहुँचाया जा रहा है। स्तनपान के फायदे महिलाओं को बताये जा रहे हैं। उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं की पहचान कर उनको बेहतर सेवाएं प्रदान करने के पुख्ता प्रबंध किये जा रहे हैं। किशोरियों और युवतियों में माहवारी को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर किया जा रहा है। शत-प्रतिशत बच्चों के सम्पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करने पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. सतेन्द्र कुमार ने सभी आशा कार्यकताओं और एएनएम से अपील की कि समुदाय में स्वस्थ्य नारी - सशक्त परिवार अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर पूरा जोर दें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान का लाभ उठा सकें। इस मौके पर पीएसआई इंडिया से राजेश कुमार प्रजापति, कैफूल हसन, बीसीपीएम शैला, बीपीएम भूनेन्द्र और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# गाजीपुर के महिला कॉलेज में स्वच्छता अभियान छात्राओं ने गांधी पार्क की सफाई कर दिया स्वच्छ भारत का संदेश

अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। आज आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवी छात्राएं, कार्यक्रम अधिकारी और प्राध्यापक शामिल हुए ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 चल रहा है। इस वर्ष की थीम 'स्वच्छोत्सव' है। प्राचार्य प्रोफेसर अनीता कुमारी ने व्यक्तिगत, घरेलू और पर्यावरण की स्वच्छता पर जोर स्वयंसेवियों ने आमघाट स्थित गांधी पार्क में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने गांधी जी की प्रतिमा और पार्क की सफाई की। साथ ही आसपास के क्षेत्र से कचरा हटाया और जमा पानी को निकाला ।वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामनाथ केसरवानी, डॉ. मनीष सोनकर, ओम शिवानी और नेहा कुमारी ने स्वच्छता को सामाजिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में 'प्लास्टिक मुक्त भारत' और 'स्वस्थ जीवन, स्वच्छ जीवन' के नारे लगे। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जबीउल्लाह सहित कई स्वयंसेवी छात्राएं मौजूद रहीं।



# बसंत विद्यालय की छात्राओं का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन, बधाई दी

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर, 22 सितंबर 2025: बसंत विद्यालय, मिजार्पुर की तीन होनहार छात्राओं–शशि किरण, अंजलि, और प्रियंका गुप्ता–का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 4 से 8 अक्टूबर 2025 तक कानपुर में आयोजित होगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश प्रताप सिंह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि इन छात्राओं ने अपनी मेहनत, लगन और खेल कौशल से न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनी हैं। शशि, अंजलि, और प्रियंका ने स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता में कोच और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा है। विद्यालय परिवार ने उत्साह के साथ इन छात्राओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। यह चयन मिजार्पुर के लिए गर्व का विषय है, और उम्मीद है कि ये छात्राएं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का नाम रोशन करेंगी।

# 'मिशन शक्ति-5.0' महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण की नई दिशा विधायक के अगुवाई में रैली निकाली गई

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। 'मिशन शक्ति-5.0: महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल – जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा बल की बाइक रैली के साथ जागरूकता की लहर' महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित 'मिशन शक्ति अभियान-5' के शुभ अवसर पर मा0 विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाध्यक्ष भाजपा महेन्द्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला कॉआपरेटिव बैंक बांदा पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में आज दिनांक 21.09.2025 को थाना कोतवाली कर्वी से बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर जागरूकता हेतु रवाना किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण,स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम,निम्न आय वर्ग बस्तियों,गांवों,वार्डो,मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों,कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2. महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता,साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी,महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3. बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण,गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,

1090-वीमेन पावर लाइन,

181-वीमेन हेल्पलाइन,

112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 102-गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस, 108-सामान्य एम्बुलेंस सेवा,1098-चाइल्ड लाइन, 101-अग्निशमन सेवा,1930-साइबर हेल्पलाइन व ६६६.ट्री१.१.ीं.ङ्क५.ल्ल के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है ।इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया ।

# महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट, 22 सितम्बर। विकास पथ सेवा संस्थान के तत्वावधान में कल्याण भारती इंटर कॉलेज, कर्वी (चित्रकूट) में 'महिला सशक्तिकरण : समानता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर, शिक्षित नारी सशक्त समाज की आधारशिला' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने नवरात्र के पहले दिन बालिकाओं को पाठ्य सामग्री बांटकर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद संस्था के प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक जे पी राजपूत ने की। कॉलेज की प्रधानाचार्या कल्पना राजपूत ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन भी किया। कल्पना राजपूत को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. प्रभाकर सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर बोलते हुए कहा कि 'नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। यदि हम समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान देना होगा। शिक्षित नारी ही परिवार, समाज और राष्ट्र की आधारशिला है।' मुख्य अतिथि एल.डी.एम. अनुराग शर्मा ने बैंक की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को केवल अवसर ही नहीं बल्कि निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान भागीदारी भी मिलनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे लैंगिक समानता की दिशा में पहल करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। विशिष्ट अतिथि समाज सेवी सभासद शंकर प्रसाद यादव ने कहा कि महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य के बिना सशक्तिकरण अधूरा है, शिक्षा से ही महिलाएं सशक्त होंगी, समाज के लोग महिलाओं बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दें। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपनी बहनों और बेटियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएं ।विशिष्ट अतिथि वित्तीय सलाहकार राम जनार्दन सिंह पुजारी अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'विद्यालय तभी प्रगति करेगा जब यहाँ पढ़ने वाली बेटियाँ आत्मनिर्भर और शिक्षित बनेंगी। यह संस्था हमेशा महिला शिक्षा और उनके अधिकारों के पक्ष में खड़ी रहेगी।' इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं को एलडीएम अनुराग शर्मा द्वारा शिक्षण सामग्री और विकास पथ सेवा संस्थान द्वारा फ्रूट जूस का वितरण किया गया।

# मुख्खा फॉल में दो अलग अलग घटनाओं में पिकनिक मनाने गये तीन युवक पानी में डूबकर हुए लापता

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। घोरावल क्षेत्र के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट मुख्खा फॉल में दो अलग घटनाओं में पिकनिक मनाने गए तीन युवक पानी में डूबकर लापता हो गए हैं। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम उनकी तलाश में जुटी हुई है। पहली घटना में बताया जा रहा है कि रविवार को चार दोस्त- विशाल पटेल, शिवम, राहुल पटेल और इंद्रजीत पटेल, जो कि रॉबर्टगंज से पिकनिक मनाने मुख्खा फॉल गए थे। वे चट्टानों से बहते पानी के पास बैठकर मस्ती कर रहे थे। इसी दौरान, अचानक गेट खुलने से पानी का बहाव तेज हो गया। इससे बाहर निकलते समय राहुल पटेल पुत्र परमेश्वर पटेल और इंद्रजीत पटेल, दोनों निवासी नई बाजार, तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गए और लापता हो गए। वहीं दूसरी घटना में इंस्पेक्टर शिव प्रताप वर्मा ने बताया कि बुद्धू निवासी मरुवट शिवद्वार द्वारा उनके भाई श्रीराम (45) के लापता होने की सूचना दी गई थी। पुलिस को घटना की जानकारी मिलते ही वह तुरंत मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस और गोताखोरों स्थानीय लोगों की मदद से लापता युवकों की तलाश कर रही है। एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दे दी गई है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com








आवरण कथा

मोनिका शर्मा

# व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।



**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है।

## नेह-सम्मान का साझा भाव

**बेटियां समाज** की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ास और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या



पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।

# नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान

अनिता जैन, वास्तुविद



मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जौ समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रृंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु मे पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं।

### देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधारहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति

सरस्वती रमेश

# परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी परवाह और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।

**सबकी परवाह करती हैं:**



पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं यदि खो गई हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें।

### बेटी दिवस का संदेश

बेटियां माता-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप

ललिता गोयल

# मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।



**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।

**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाए।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें।

(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)

मेडिकल एडवाइस

डॉ. संजय कुमार चुग
एचओडी-कॉर्डियोलॉजी
नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट-डे, 29 सितंबर

# तब आपका हार्ट रहेगा हेल्दी

बिगड़ते लाइफस्टाइल, अनहेल्दी फूड हैबिट, ओवर वर्कप्रेशर और अन्य कई कारणों से अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में हार्ट डिजीज से ग्रस्त हो रही हैं। इसके कारण, प्रमुख लक्षण और बचाव के बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।



आज के दौर में अनहेल्दी डाइट और गलत लाइफस्टाइल के कारण पुरुषों से अधिक महिलाओं में हार्ट डिजीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भी हार्ट डिजीज महिलाओं में मौत का प्रमुख कारण बन चुका है, जो पुरुषों की तुलना में अब और भी ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

**प्रमुख कारण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के केसेस बढ़ने के कई कारण हैं। खान-पान पर जरूरी ध्यान ना दिया जाने के अलावा मोटापा भी हार्ट डिजीज का कारण बन सकता है। हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं में मोटापे की दर 40% से अधिक हो चुकी है। मॉडर्न लाइफस्टाइल के कारण महिलाएं अपनी डाइट और हेल्थ-फिटनेस का ध्यान नहीं रख पाती हैं। खासतौर पर डेस्क जॉब करने वाली वर्किंग वूमेन, जो लंबे समय तक इनएक्टिव रहती हैं, अगर वे रेग्युलर एक्सरसाइज न करें तो भी हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड बढ़ने से जॉब करने वाले प्रोफेशनल्स (पुरुष के साथ महिलाएं भी) को 8 घंटे के बजाय 12-14 घंटे तक लगातर काम करना पड़ता है। हाई प्रेशर जॉब और कम समय में टारगेट पूरा करने जैसी स्थिति में तनाव-हाइपरटेंशन से शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह भी हार्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर, नूडल्स जैसे जंक फूड खाना भी हार्मफुल है। इसके साथ ही स्मोकिंग एल्कोहल जैसी चीजों का सेवन करने से भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, जो हार्ट को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी वजह से 50 वर्ष की आयु के बाद अनेक महिलाओं में हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो जाता है। इसके साथ ही शुगर और थायरॉइड की समस्या भी हार्ट डिजीज के कारणों में से एक है।



**प्रमुख लक्षण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जिसके कारण इसके लक्षणों को पहचानने में देरी हो जाती है। महिलाएं इसके लक्षणों को सामान्य थकान या पाचन संबंधी समस्या समझ लेती हैं। आमतौर पर उन्हें सीने में तेज दर्द के बजाय हल्का दर्द, दबाव, जलन या भारीपन महसूस होता है, जो बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। सांस लेने में तकलीफ, सांस फूलना, चक्कर आना, अचानक ज्यादा थकान महसूस होना, जी मिचलाना, उल्टी, पेट में दर्द, नींद न आना, चिंता, घबराहट, ठंडा पसीना या अनियमित धड़कन का तेज होना, इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। यदि ये लक्षण 20-30 मिनट से अधिक रहें, तो तुरंत डॉक्टर से सहायता लें। महिलाओं में हार्ट डिजीज अकसर 'साइलेंट' होता है।

**बचाव एवं उपचार:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कॉर्डियो वैस्कुलर डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अपनी डाइट में मौसमी फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और हर तरह की दालों को शामिल करें। नमक, चीनी, घी, तेल और मिर्च-मसालों का सीमित इस्तेमाल करें। नियमित रूप से योग, व्यायाम और एक्सरसाइज करें। स्विमिंग भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी एक्टिविटीज की वजह से वजन और ब्लडप्रेशर कंट्रोल रहता है, जो हार्ट डिजीज से बचाव में मददगार साबित होता है।

प्रस्तुति: विनीता कुमारी